ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 25 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 142 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' की... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

राज्य के सभी कोर्ट में 26 जून से डे कोर्ट में होगी सुनवाई

रांची। राज्य के सभी जिले के कोर्ट का समय 26 जून से बदल जायेगा। झारखंड हाई कोर्ट ने शनिवार को पत्र जारी कर डे कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। फिलहाल झारखंड की निचली अदालतों में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में पांच अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई हो रही थी, जो अब डे कोर्ट में होगी।

पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी बम बरामद

पश्चिमी सिंहभूम। जिले के तुम्बाहाका एवं सरजोमबुरु में नक्सलियों ने पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए रास्ते में आईईडी बम और स्पाइक होल लगाया था, जिसे सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने बरामद कर जंगल में नष्ट कर दिया। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने सरजोमबुरु गांव में एक कैंप लगाकर ग्रामीणों का साथ भोजन किया। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि गांव में कुछ लोग बीमार हैं। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने एक कैंप लगाकर बीमार लोगों का जांच उपरांत दवा मुहैया कराया गया। जांच के उपरांत गांव में दो बच्चे मलेरिया से पीड़ित मिलने पर उनका इलाज किया गया।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीए नीरज मित्तल को भेजा गया जेल

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में नीरज मित्तल को गिरफ्तार किया है। ईडी ने गिरफ्तार करने के बाद शनिवार को मित्तल को रांची के ईडी के विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत ने नीरज को 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। नीरज की पेशी ईडी के इंचार्ज कोर्ट में विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में हुई। उल्लेखनीय है कि नीरज मित्तल चार्टर्ड एकाउंटेंट है। उसपर जेल में बंद निर्लंबित अभियंता वीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है।

मानवाधिकार : अध्यक्ष 8 सदस्यों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी

रांची। झारखंड के मानवाधिकार आयोग में एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति होगी। इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष के एक रिक्त पद और सदस्य के दो रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट के रिटायर चीफ जस्टिस, हाई कोर्ट के रिटायर या कार्यरत जज के अलावा कार्यरत रिटायर जिला जज (जिनके पास सात साल का जिला न्यायाधीश के रूप में प्राप्त योग्यता है) आवेदन कर सकते हैं।

हाईकोर्ट में समरीलाल मामले की सुनवाई 14 जुलाई को

रांची। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने शनिवार को भाजपा के कांके विधायक समरी लाल के कास्ट सर्टिफिकेट को सही करार दिए जाने के हाई कोर्ट के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर डबल बेंच में आंशिक सुनवाई हुई। शनिवार को सुनवाई के दौरान प्रार्थी सुरेश बैठा के वकील ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने 14 जुलाई को मामले की अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है।

बाबाधाम : श्रावणी मेले की सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे 8640 जवान



50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

नवीन मेल संवाददाता। देवघर

देवघर श्रावणी मेला की तैयारियां जोरों पर हैं। करीब दो माह तक चलने वाले इस मेले में हाईटेक तकनीक के साथ 8640 हजार जवानों को सुरक्षा के लिए तैनात किया जायेगा। चार जुलाई से शुरू हो रहे मेले में 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के देवघर पहुंचने का अनुमान है।

मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी और जवानों को दो महीने तक के लिए तैनात किया गया है। इनमें इंस्पेक्टर 120, एसआई और एएसआई 726, सशस्त्र हवलदार और आरक्षी 1080, लाठी हवलदार आरक्षी 6200, महिला लाठी बल 514, एसाल्ट ग्रुप दो, बम निरोधक दस्ता दो, आंशु गैस दस्ता दो एटीएस हिट टीम दो और श्वान दस्ता दो टीम रहेगी। साथ ही सीआईडी और विशेष शाखा के जवान भी तैनात रहेंगे। पुलिस मुख्यालय श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर कर रहा है। मेले में इस बार 8640 हजार सुरक्षाबलों की तैनाती होगी। राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात जवानों के अलावा जैप और प्रशिक्षण केंद्र में तैनात जवानों को प्रतिनियुक्त किया जायेगा। यह प्रतिनियुक्ति 30 जून से एक सितंबर तक के लिए होगी। शहर के विभिन्न स्थानों में अस्थाई कंट्रोल रूम भी बनाए जा रहे हैं, जहां से पूरे शहर में लगे सीसीटीवी की मॉनिटरिंग की जाएगी। अधिक भीड़ वाली जगहों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। पुलिस के जवानों के अलावा रैफ, एनडीआरएफ के साथ साथ झारखंड जगुआर के बीडीएस टीम को भी तैनात किया जाएगा।

राज्यपाल ने देवघर में किया लोक संवाद, कहा

हर युवा को मिलेगा रोजगार

नवीन मेल संवाददाता। देवघर

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को जिले के मोहनपुर प्रखण्ड अंतर्गत ठाढ़ियारा पंचायत भवन में लोक संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक जिला में लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) को बढ़ावा दिए जाने से लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, उनका जीवन स्तर आगे बढ़ेगा।

साथ ही कहा कि सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत फ्री कुकिंग गैस कनेक्शन दिया गया है। इस योजना से भारत का 95 फीसदी आबादी आच्छादित हो चुका है। नल-जल योजना के तहत पेयजलापूर्ति की जा रही है।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड प्रदेश में भी पारंपरिक खेती में रसायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया जाता है। इसलिए झारखंड भी शनै-शनै पूर्णरूप से ऑर्गेनिक खेती की ओर अग्रसर हो सकता है। जनसंवाद के दौरान राज्यपाल ने बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप निर्माण योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना के अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से सुयोग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। साथ ही सखी मंडल की दीदियों को 24 लाख रुपये का क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया।

सरकार का लक्ष्य हर बेघर का हो अपना घर

गोड्डा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शनिवार को गोड्डा जिले के सुन्दरपहाड़ी प्रखंड पहुंचे तथा यहां फुटबॉल मैदान में 'लोक संवाद कार्यक्रम' में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50 हजार से अधिक घरों का निर्माण किया जा चुका है। एक महिला ने बताया कि पक्का मकान मिल जाने से बहुत खुशी हो रही है और अब मौसम की मार नहीं झेलनी पड़ती है, इस पर राज्यपाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक बेघर का अपना घर हो। सिर्फ घर ही नहीं, घर के साथ उन्हें पेयजल भी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि एक सम्मानजनक जिंदगी के लिए लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति होनी चाहिए। लोक संवाद में स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने भी अनुभव साझा किया। राज्यपाल ने जिले में एक लाख से अधिक महिलाओं के स्वयं सहायता समूह से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाओं का सशक्तिकरण हो रहा है और उनके परिवार का जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त विद्यालय की छात्राओं ने बताया कि इस विद्यालय में बड़ी संख्या में गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते हैं। वह सभी भी भविष्य में वह शिक्षक बनकर बच्चियों को शिक्षा प्रदान करने का काम करेंगी। राज्यपाल ने संवाद में मौजूद लोगों की समस्याओं के निराकरण की बात भी कही। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। साथ ही उपस्थित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

कॉन्स्टेबल की हत्या में तीन आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

हजारीबाग जिले के उरीमारी ओपी में तैनात कॉन्स्टेबल पंकज कुमार दास की हत्या का खुलासा हो गया है। हत्याकांड के पीछे उसकी पत्नी नैना देवी के प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित पत्नी और उसके प्रेमी मुन्नू पासवान सहित उसके सहयोगी ओम प्रकाश सिन्हा को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपितों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। मुन्नू पासवान की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियार और बाइक बरामद कर लिया है। मृतक के पिता धीरज राम के आवेदन पर पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध पतरातू थाना में प्राथमिकी दर्ज किया है। रामगढ़ एसपी पियूष पांडे ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि शुक्रवार की रात हजारीबाग जिला के उरीमारी ओपी में पदस्थापित कॉन्स्टेबल पंकज कुमार दास ड्यूटी कर घर जा रहा था। इस दौरान स्याल दस नंबर माइंस के निकट गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम का गठन कर छानबीन शुरू की गई। ठोस जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसकी पत्नी नैना देवी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में नैना देवी ने अपराध स्वीकार करते हुए प्रेमी और उसके साथी का नाम बताया। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर नैना देवी के प्रेमी मुन्नू पासवान उर्फ मनोहर और उसके साथी ओम प्रकाश सिन्हा को सयाल से गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से दो देशी पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर, चार जिंदा कारतूस, पांच खोखा, तीन मोबाइल और घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक जब्त किया है।

हेमंत सरकार में नियुक्तियों का दौर, युवाओं में जगी उम्मीद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 22 जून को 2250 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके साथ ही आगे कई विभागों में नियुक्तियों का दौर जल्द शुरू होने वाला है। पिछले दो महीने में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बड़े पैमाने पर नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार ने चुनाव से पहले युवाओं को रोजगार देने का जो दावा किया था, सरकार उसे पूरा करने की कोशिश पूरी ईमानदारी से कर रही है। 2019 में सरकार गठन के कुछ ही महीनों बाद पूरी दुनिया कोरोना के चपेट में आ गयी थी। इस दौरान सरकार को काम करने का मौका नहीं मिल पाया। दो साल बाद कोरोना से शिकंजे से निकलने पर सरकार ने नियुक्तियों का पिटारा खोला। युवाओं को खुले हाथों नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू हो गयी। हेमंत सोरेन ने अब तक आठ हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। निजी क्षेत्रों में भी साढ़े तेरह हजार नौकरियां दिलवाई है। युवाओं में इन नियुक्तियों को लेकर खासा उत्साह है और उनमें आशा की एक किरण जगी है। 22 जून को मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि सरकार बहुत जल्द 6 हजार शिक्षकों और पुलिस विभाग में बहाली करेगी।

मामला : अंकिता हत्याकांड

हाईकोर्ट ने आर्थिक मदद की मांगी जानकारी

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शनिवार को दुमका में बीते साल 23 अगस्त को हुए पेट्रोल कांड में नाबालिग छात्रा अंकिता की हत्या कर दिए जाने के मामले में सुनवाई हुई। मामले में एमिकस क्यूरी रमित सत्येंद्र की ओर से कोर्ट को जानकारी दी गई कि राज्य सरकार ने विक्टिम फैमिली को अब तक की सहायता के रूप में 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद की है। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई में एमिकस क्यूरी को यह बताने को कहा है कि मृतक लड़की के परिजनों को और क्या-क्या बेनिफिट दी गई है, इसकी जानकारी दी जाए।

2030 तक भारत में 26 अरब डॉलर का निवेश करेगा अमेजन

एजेंसी। वाशिंगटन

ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन के सीईओ एंडी जेसी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि कंपनी 2030 तक भारत में 26 अरब डॉलर का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेजन ने अब तक भारत में लगभग 11 बिलियन डॉलर का निवेश किया है और 2030 तक लगभग 15 बिलियन डॉलर और निवेश करने की योजना है। जेसी ने शुक्रवार को अमेरिका में पीएम मोदी से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक अच्छी रही। इस दौरान 2030 तक भारत में 26 अरब डॉलर का निवेश करने की अमेजन की प्रतिबद्धता पर चर्चा हुई। अमेजन के सीईओ ने कहा, एक साथ काम करते हुए, हम स्टार्टअप का समर्थन करेंगे, नौकरियां देंगे, निर्यात को सक्षम करेंगे और व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सशक्त बनाएंगे। भारत अमेजन के लिए एक प्रमुख बाजार है, जहां उसने पिछले दशक में ई-कॉमर्स में 6.5 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है। इस साल मई में, ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन की क्लाउड आर्म अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने देश में क्लाउड सर्विस के लिए बढ़ती कस्टमर की मांग को पूरा करने के लिए 2030 तक भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 1,05,600 करोड़ रुपये (12.7 बिलियन डॉलर) का निवेश करने की योजना की घोषणा की। इस निवेश से 2030 तक भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1,94,700 करोड़ रुपये (23.3 बिलियन डॉलर) का योगदान होने का अनुमान है।



हाईकोर्ट ने टी शर्ट-टॉफी बांटने के मामले में मांगी रिपोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शनिवार को राज्य की तत्कालीन रघुवर सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2016 में राज्य स्थापना दिवस पर टी शर्ट और टॉफी बांटने से संबंधित पंकज कुमार की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 अगस्त को होगी। वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के पहले 13- 14 नवंबर को स्कूली बच्चों को बांटने के लिए साढ़े तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख रुपये की टॉफी खरीदी की गयी। उसके अगले दिन ही 15 नवंबर को राज्य भर के 10 हजार स्कूलों में बच्चों के बीच इसका वितरण कर दिया गया।

मॉनसून के आते ही बढ़ी चिंता, आवासीय स्कूलों में परेशानी अधिक

44 हजार सरकारी स्कूलों में नहीं है तड़ित चालक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मौसम विभाग के मुताबिक झारखंड में मॉनसून प्रवेश कर चुका है। वहीं 25 जून से भारी बारिश की संभावना भी जतायी गयी है। भारी बारिश के बीच बिजली गिरने की भी बात कही गयी है। वहीं आज से राज्य के स्कूलों में पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। भारी बारिश और बिजली गिरने के पूवार्नुमान के बीच एक बार फिर स्कूलों की सुरक्षा को लेकर चिंता सामने आ रही है। सुरक्षा की यह चिंता आकाशीय बिजली गिरने की है। ऐसा इसलिए है क्योंकि राज्य के सरकारी स्कूलों में तड़त चालक है ही नहीं। बीते 10 सालों में राज्य के अधिकांश स्कूलों में लगे तड़ित चालक या तो काम नहीं कर रहे हैं या फिर चोरी हो चुके हैं।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूलों में लगभग 10 साल पहले तड़त चालक लगाए गए थे। इसके बाद से स्कूलों में लगे तड़ित चालक या तो खराब हो गए या फिर चोरी हो गए हैं। आंकड़े के मुताबिक राज्य के 18 जिले में लगे 11544 तड़ित चालक चोरी हो चुके हैं। स्कूलों की ओर से चोरी गए तड़ित चालकों को लेकर एफआइआर दर्ज कराया जा चुका है। आंकड़े में देखें तो रांची से 1158, लातेहार से 100, हजारीबाग से 1324, रामगढ़ से 560, पलामू से 1700, गुमला से 342, सिमडेगा से 135, गढ़वा से 107, लोहरदगा से 162, गोड्डा से 450, जामताड़ा से 850, पाकुड़ से 400, जमशेदपुर से 910, देवघर से 508, धनबाद से 368, बोकारो से 680, साहिबगंज से 590 और चतरा से 1200 तड़ित चालक चोरी हो चुके हैं। दरअसल आसमानी बिजली गिरने का खतरा तो किसी भी स्कूल में लगा रहता है, लेकिन आवासीय स्कूलों को लेकर चिंता अधिक नजर आती है। इन स्कूलों में बच्चे रहते हैं। तड़ित चालक नहीं लगे होने की वजह से इन स्कूलों में खतरा बना रहता है।

रांची-पटना के बीच 27 से चलेगी वंदे भारत ट्रेन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पटना और रांची के बीच अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त हाई स्पीड 'वंदे भारत ट्रेन' का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 27 जून को रांची से पटना के लिए 'वंदे भारत ट्रेन' का परिचालन उद्घाटन स्पेशल ट्रेन 02439 के रूप में किया जायेगा। 28 जून से ट्रेन सं. 22349 और 22350 पटना-रांची-पटना 'वंदे भारत ट्रेन' का नियमित परिचालन किया जाएगा। ट्रेन पटना और रांची से मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी।

उन्होंने बताया कि 27 जून को ट्रेन संख्या 02439 रांची-पटना 'वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल' रांची से सुबह 10.30 बजे खुलकर मेसरा, बरकाकाना, चरही, गया, जहानाबाद होते हुए शाम को 5.25 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। 28 जून से 22349 'पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन' पटना से सुबह 7 बजे खुलकर, 8.25 बजे गया, 9.35 बजे कोडरमा, 10.33 बजे हजारीबाग, 11.35 बजे बरकाकाना, 12.20 बजे मेसरा रूकते हुए 13.00 बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन सं. 22350 'रांची-पटना वंदे भारत' रांची से अपराह्न 4.15 बजे खुलकर 4.35 बजे मेसरा, 5.30 बजे बरकाकाना, 6.30 बजे हजारीबाग, 7.30 बजे कोडरमा, 8.45 बजे गया रूकते हुए रात 10.05 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी।

कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली

सिल्ली प्रखंड कार्यालय समीप सोनाली लॉज में झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय 'रुआर स्कूल' 2023 कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । विधायक सुदेश कुमार महतो ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय तक लाने के लिए रुआर स्कूल अभियान चला रही है । इस अभियान के तहत गांव-गांव जाकर वैसे बच्चों को विद्यालय वापसी कराना है जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा रहे हैं। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना इसके लिए तभी मिलकर प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 06 से 18 वर्ष आयु वर्ग के छीजित बच्चों का विद्यालय में वापस नामांकन कराना एवं विद्यालय से जोड़कर उसका ठहराव सुनिश्चित करना है।कार्यशाला में 22 जून से 15 जुलाई तक चलने वाला कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधि, प्रबंधन समिति के पदाधिकारी सदस्य तथा स्कूल के शिक्षक पोषक क्षेत्र का भ्रमण कर स्कूल के चौखट से दूर रह रहे 6 से 18 आयु वर्ग के बच्चो को पुनः स्कूल तक लाने के मकसद से बच्चों का स्कूल में नामांकन करवाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में तिथिवार कार्यक्रमों के निष्पादन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के संचालन बी पी ओ मनोज कुमार और धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड प्रसार पदाधिकारी विमल कांत झा ने किया।इस मौके पर विभिन्न पंचायतों के मुखिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, बीआरपी व सीआरपी आदि उपस्थित थे।

ईदुउल अजहा व घूरती रथ मेला को लेकर बैठक आयोजित

रातू। 29 जून को होने वाली ईदउल अजहा व घूरती रथ मेला का त्योहार को लेकर शनिवार को रातू थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। रातू अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शांति समिति के सदस्य, पंचायतो के जनप्रतिनिधि, समाज के प्रबुद्ध लोग व विभिन्न राजनीतिक दलो के गण्यमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में बकरीद व रथ मेला का त्यौहार पूर्व की भांति शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। वही सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि त्योहार में असामाजिक तत्वो जो आपसी सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते है उसको चिन्हित कर पुलिस को सूचना दे।

तीन दिवसीय कार्यक्रम अग्रसेन भवन में आयोजित

सावन महोत्सव के पोस्टर का हुआ विमोचन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अग्रवाल सभा महिला समिति के तत्वावधान में 5 से 7 जुलाई तक महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय सावन महोत्सव का आयोजन किया गया है। सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने बताया कि सावन मेले में विभिन्न राज्यों एवं शहरों की आत्मनिर्भर एवं प्रसिद्ध प्रभावशाली महिलाएं की कलाकृतियां का एक मंच पर प्रदर्शन, तथा कई सुंदर एवं आकर्षक चीजें उपलब्ध रहेगी, मेले में नवीनतम डिजाइनर की राखियां सलवार सूट, बेडशीट, कलात्मक साड़ियां, स्पेशल सामग्रियां अचार, पापड़, बड़ी, मुरब्बा, तथा अन्य कई विभिन्न सामग्रियां उपलब्ध रहेगी। सावन महोत्सव में अग्रवाल सभा का भी सहयोग है। सावन महोत्सव के प्रचार- प्रसार हेतु आज अग्रसेन भवन में सावन महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। विमोचन के कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया, महोत्सव संयोजका अलका सरावगी, सह संयोजका अंशु नवेटिया एवं रीना सुरेखा, रूपा अग्रवाल, रीता केडिया, बबीता नारसरिया, मधु सर्राफ, बीना मोदी, उर्मिला पाड़िया, प्रीति पोद्दार, आदि उपस्थित थीं। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

बेड़ो में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड कार्यालय के साभागार में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने विधिक कानून से संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा के तहत गरीब लोगों को सुलभ न्याय दिलाने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण विधिक सेवा से संबंधित योजना का लाभ अवश्य उठाएं। साथ ही उन्होंने प्रखंड में चल रहे विकास और जन कल्याणकारी योजना की जानकारी दीं। उन्होंने कहा कि सिर्फ योजनाएं लेना ही नहीं जानकारी भी रखना बहुत महत्वपूर्ण है।सीओ सुमंत तिर्की ने लोगों को अपने अधिकार के प्रति जागरूक होने आह्वान करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रमुख योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दीं। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिए जाने वाले कानूनी सेवाओ के बारे में बतलाया।

लापुंग प्रखंड में चार दिनों से दर्जनों घरों की बिजली हुई ठप

जीवन रक्षक दवाइयां होने लगी हैं खराब : गंगाधर

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग

लापुंग प्रखंड के ककरिया, डाडीऔर मालगो, महुगांव सहित कई पंचायतों के दर्जनों गांवों में पिछले चार दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप रहने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बिजली के अभाव में गांव के ग्रामीण त्राहिमाम कर रहे हैं। लेकिन विद्युत विभाग के पदाधिकारी और कर्मी मामले को लेकर उदासीन हैं। विद्युत विभाग के कर्मियों के अनुसार कमडारा से लापुंग ककरिया तक विद्युत ट्रांसमिशन लाइन में फॉल्ट आ गई है लेकिन 4 दिनों के बाद भी फॉल्ट खोजी नहीं जा सकती है। फॉल्ट नहीं मिलने के कारण विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाचार लिखे जाने तक शनिवार को रात 8:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी। विभागीय पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मामले को अब तक संज्ञान में नहीं ले सकते हैं। विद्युत व्यवस्था ठप होने के कारण सभी तरह के जरूरी काम, मोबाइल सेवा, इंटरनेट सेवा, कुटीर एवं लघु उद्योग पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। मोबाइल और इंटरनेट व्यवस्था ठप होने के कारण सरकारी शिक्षक शिक्षिकाएं अपनी ऑनलाइन उपस्थिति नहीं बना पा रहे। बच्चों का पठन-पाठन ठप पड़ गया है। विद्युत व्यवस्था नहीं रहने के कारण उस पर निर्भर पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई है। विद्युत व्यवस्था के ठप्प रहने के के कारण अभूतपूर्व स्थिति उत्पन्न हो गई है। दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे हैं और इस समस्या को देखने वाला कोई भी नहीं है। इससे लोगों का दैनिक कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गया है। काकरिया के पूर्व मुखिया और समाजसेवी गंगाधर साहु ने कहा कि लगातार चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई है। इससे लोगों के समक्ष बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। जीवन रक्षक दवाइयां खराब होने लगी है। आपातकालीन स्थिति में काम आने वाला इनवर्टर भी दो दिन पहले ही बंद हो चुका है। समाजसेवी और विश्व हिंदू परिषद के मंत्री समीर कुमार, ककरिया के रोहित कुमार, सेमला के रूपेश पाठक, बिरमकेल नवाटोली के बुधनाथ मुंडा , गुदगुद के लाल दिलीप कुमार सिंह सहित दर्जनों लोगों ने 4 दिनों से बिजली व्यवस्था ठप रहने के कारण भारी आक्रोश प्रकट करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण है कि 4 दिनों से पूरा लापुंग अंधेरे में डूबा हुआ है और कोई भी जिम्मेवार पदाधिकारी और कर्मचारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है ?

रांची में हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

रांची। कांके थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में लोअर बाजार थाना निवासी राजन उर्फ सरफराज और जगरनाथपुर थाना निवासी मो अबरार शामिल है। इनके पास से एक देशी कट्टा, दो गोली, दो मोबाईल, एक स्कूटी, तीन फर्जी आधार कार्ड, 10 हजार नकद रुपये और एक स्मार्ट वाच बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कांके थाना क्षेत्र के संग्रामपुर स्थित रिंग रोड के समीप दो बदमाश स्कूटी लेकर संदिग्ध अवस्था में हथियार के घूम रहे है। एसपी ने बताया कि सूचना के बाद कांके थाना प्रभारी अभास कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजन उर्फ सरफराज के पास से एक लोडेड देशी कट्टा,10 हजार नकद, एक मोबाईल और एक स्मार्ट वाच बरामद किया ।

प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को मिलेगा पांच दिनों का अवकाश

रांची। ट्रेनिंग पूरी कर लौटे प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को पांच दिनों का अवकाश मिलेगा। इस संबंध में आईजी ट्रेनिंग प्रिया दूबे ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने बीते 19 जून को राज्य में पीटीसी और एसपीसी प्रशिक्षण पूरी किये प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध पुलिस मुख्यालय से किया है। इसको लेकर जेएपीटीसी पदमा, सीटीटी मुसाबनी, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट विस्थापित भवन धुर्वा, जैप-02, जैप-03, जैप-05, जैप जैप-07, जैप-08, जैप-10 में पीटीसी और एसपीसी प्रशिक्षण पूर्ण किये सभी प्रशिक्षु को उनके पैतृक जिला ईकाई में वापस होने के बाद पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया जाता है। सभी जिले के एसपी और कमांडेंट को निर्देश दिया जाता है कि अपने-अपने जिला और ईकाई में योगदान देने के बाद प्रशिक्षु आरक्षियों को अनुमति अवकाश अपने स्तर से सुविधानुसार सुनिश्चित करें।

मवेशी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

रांची। लालपुर थाने की पुलिस ने मवेश चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम अफरोज कुरैशी है और वह गुदड़ी कुरैशी मुहल्ले का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि 23 जून को रेडियम रोड से सहदेव प्रसाद नामक व्यक्ति की तीन मवेशी चोरी हो गई थी। इस मामले में लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोचा लिया। पुलिस ने जिससे मवेशी चोरी की गई थी, उस गाड़ी को भी जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक

घर-घर सर्वेक्षण करेंगे बीएलओ

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने काम करना शुरू कर दिया है। उसी क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शनिवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर सीओ सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में 2024 के निर्वाचन के मद्देनजर सभी बीएलओ को घर-घर सर्वेक्षण करते हुए मतदाता सूची में फोटो तथा नाम सुधार का निर्देश दिया गया। इस दौरान सीओ ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को पारदर्शिता तथा निष्ठा पूर्वक समर्पित होकर गंभीरता से कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया वही सभी बीएलओ को घर-घर सत्यापन कर छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में चढ़ाने का निर्देश दिया गया इसके अलावा प्रपत्र के माध्यम से 18 प्लस के युवक-युवतियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मतदाता सूची को दुरुस्त करने,वोटिंग प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत व पलायन कर गए मतदाताओं का नाम हटाने सहित त्रुटियों को दुरुस्त करने पर चर्चा की गई।

सरकार का उद्देश्य सभी बच्चों का विद्यालय में नामांकित हो : बीईईओ

मांडर। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के द्वारा स्कूल रूआर 2023 का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय मांडर के सभागार में प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का की अध्यक्षता में की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथियोंद्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।मांडर प्रमुख ने विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव को ध्यान में रखते हुए सभी शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों से मिलकर इस अभियान को सफल बनाने की बात कही वहीं अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो ने बताया कि मुख्य रूप से समग्र शिक्षा अभियान के मुख्य लक्ष्य 6 से 18 आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय की शिक्षा को सभी नौनिहालों से पूर्ण कराना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।विगत वर्षों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

श्री श्याम मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 68 वां श्री श्याम भंडारा का भव्यता के साथ आयोजन किया गया। श्री श्याम भंडारे के यजमानश्री पवन केड़िया कुसुमलता अमित रेखा निरज शिल्पा मयंक कुश प्रकृत केड़िया ने अपने परिवार के साथ मंदिर में विराजमान खाटू नरेश लड्डू गोपाल शालिग्राम बजरंगबली शिव परिवार गुरुजनों को भंडारे का भोग अर्पित किया। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनोली की अगुवाई में केडिया परिवार ने भोग भजन का गायन करके खाटू नरेश की मनुहार की। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के भोग भजन का गायन कर भगतजन भावविभोर होकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे थे। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में भंडारे का प्रसाद मंदिर में ही बनाया गया। भोग लगे प्रसाद को विशाल भंडारे में केड़िया परिवार ने मिश्रित कर महाप्रसाद बनाया। सर्वप्रथम केड़िया परिवार ने मंदिर के आचार्य को चन्दन वंदन करके भंडारे का प्रसाद खिलाकर दक्षिणा प्रदान कर सपरिवार आशीर्वाद प्राप्त किया। आज के भंडारे में पकोड़ी की कढ़ी वेज पुलाव केसरिया जलेबी का प्रसाद बनाया गया था। अन्नपूर्णा सरावगी के द्वारा आमफल का वितरण किया गया। समाजसेवी विष्णु जालान की तरफ से सत्तू मसालेदार पानी का प्रबंध किया गया था। भंडारे का समय होते ही मंदिर परिसर भक्तों से भर गया था। हरमू रोड में भक्तों की लंबी लंबी कतारें लग गई थी। श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच प्रमुख यजमान पवन केड़िया एवम उनके परिवारजनों ने भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया। 3000 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। खाटू नरेश की जय जयकारों से मंदिर परिसर के साथ साथ हरमू रोड गूंज रहा था।

यात्री से ऑटो चालक ने की लूटपाट, दो गिरफ्तार

रांची। सदर थाने की पुलिस ने यात्री से लूटपाट करने वाले ऑटो चालक और उसके भाई को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मो सिराजुल और मो शेख अजीम शामिल है। दोनों कांटाटोली गढ़हाटोली के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार गिरिडीह निवासी इम्तियाज अंसारी शुक्रवार की रात बिरसा चौक से ऑटो से कांटाटोली खादगढ़ा बस स्टैंड जाने के लिए ऑटो में बैठा था। चालक उसे इधर-उधर घुमाते हुए गढ़हाटोली ले गया और उससे 15 सौ रुपए लूट लिया। इस राशि को आरोपी ने अपने भाई को दे दिया। हो हल्ला करने के बाद आसपास में मौजूद लोग जमा हुए और भाग रहे ऑटो चालक को पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई की। इसके बाद सदर थाने की पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके भाई को भी पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

मांडर प्रखंड सभागार में विविध सेवा प्राधिकार सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

मांडर। प्रखण्ड सभागार में झारखंड राज्य विविध सेवा प्राधिकार राँची के तत्वावधान में विविध सेवा सह सशक्तिकरण का एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मांडर प्रखंड कार्यालय के अधिकारी, अंचल के अधिकारी, पशुपालन विभाग के कर्मचारी, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कर्मचारी,खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ विभाग के चिकिसक एवं अन्य स्टाफ, जेएसएलपीएस प्रभारी,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं कर्मचारीसहित अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने विभागीय विकास योजनाओं एवं जनहित में की जा रहे कार्यो की जानकारी दी।अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो ने उपस्थित लाभार्थियों को विविध प्राधिकार के द्वारा ग्रामीणों के लिए निःशुल्क न्यायायिक सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ज्यादे से ज्यादे उनका लाभ उठाने के लिए जागरुक होने की बात कही।बीडीओ सुलेमान मुंदरी ने बताया कि अशिक्षा एवं अंधविश्वास के कारण समाज में फैली कुरीतियों डायन बिसाही,बाल विवाह, नशापान,जादू टोनाआदि से दूर रहें और अपने समाज का विकास पर ध्यान केंद्रित करें। घरेलू विवाद, निःशुल्क कानूनी सुझाव या सहायता प्राप्त करें। आई.आई. डी. ए. सुधीर बड़ा ने भी विविध सेवा प्राधिकार के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क सहायता की जानकारी दिया और बिना संकोच के पीएलवी से मिल कानूनी सहायता लेने की बात कही।डालसा के सचिव राकेश रंजन कुमार ने सभी विभाग से आए पदाधिकारी , प्रतिनिधियों एवं लाभार्थियों को कहा कि सभी विभाग में आपके हित को देख कर ही विकास योजनाओं का क्रियान्वयन होता है।

नामांकन लापुंग प्रखंड मुख्यालय में स्कूल रूआर 2023 का कार्यक्रम आयोजित

सरकारी योजनाओं से होगा समाधान : लकड़ा

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग

यदि गरीबी या किसी अन्य कारण से स्कूली छात्र-छात्राएं विद्यालय से ड्रॉपआउट होते हैं तो शिक्षक उन्हें चिन्हित करें सरकारी योजनाओं के लाभ से यदि किसी का पलायन रुकता है अथवा उसे पुनः स्कूल से जोड़ा जा सकता है तो लापुंग प्रखंड में ऐसे परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। लेकिन यह सुनिश्चित करें कि किसी कीमत पर कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। शत-प्रतिशत नामांकन बच्चों का ठहराव तथा गुणवत्ता युक्त शिक्षा के माध्यम से स्कूल रुआर 2023 के कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। उक्त बातें लापुंग के प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने स्कूल रूआर 2023 कार्यक्रम को लेकर लापुंग प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यशाला के दौरान कही। इस मौके पर लापुंग के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि पंचायत के प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मिलकर एक एक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे तो बेहतर नतीजा निकल सकता है। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी व बीआरपी बबलू कुमार महतो ने स्कूल रुआर 2023 कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि लापुंग प्रखंड में विद्यालय के शिक्षक एक एक बच्चों का सर्वे कर 6 से 18 साल के बच्चों को चिन्हित करना तथा सभी का नामांकन विद्यालयों में कराना सुनिश्चित करें। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा तथा संचालन सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता ने किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, सीडीपीओ पूजा कुमारी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया जयंत बरला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, बीपीओ मोहम्मद इम्तियाज खलील, मुखिया सविता उरांव, मुखिया अलका तिर्की, मनोज मनबहाल होरो, उप मुखिया अरविंद सिंह, पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो, गीता खेश, राणा जितेंद्र, नीलम लकड़ा, राजेंद्र प्रसाद, शंकर खलखो, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन प्रतिभा गुड़िया सहित कई प्रधान शिक्षकों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ सुबोध कांत चौबे, मुखिया सविता उरांव तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभी अतिथियों को पौधा देकर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की, बीआरपी रेशम शाहदेव, सीआरपी मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, चंद्रमोहन ठाकुर सहित अन्य सीआरपी बीआरपी और परियोजनाकर्मियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लालकेश्वर यादव, एमआईएस कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार, बीआरसी के फ्रांसिस पन्ना, होलिका कुमारी, कैलाश पाढी, सहित सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मां विपत्तारिणी की पूजा विधिवत रूप से संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली

सिल्ली मुरी क्षेत्र में शनिवार को विपत्ति को हरण करने वाली मां बिपत्तारिणी की पूजा विधिवत संपन्न हुई। छोटा मुरी के मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर मे सुबह से ही पुजा अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ लगने लगी। पुरोहित अमुल्य पाण्डेय द्वारा विधिवत मां बिपत्तारिणी की पुजा की गई। इस पुजा मे कई तरह के फल फुल एवं मिठाई का भोग लगाया जाता है। पुजा सम्पन्न होने के बाद महिलाएं अपने घर के सभी सदस्यों को लाल धागा बांधती है जिससे परिवार के किसी सदस्यों पर विपत्ति ना आए। जो लोग मां विपत्तारिणी का व्रत रखती है उन्हें देवी का आशीर्वाद मिलता है और वह अपने परिवार को सभी खतरों से बचायी रखती है। किसी प्रकार कि विपत्ति नहीं आने देती है। मां विपत्तारिणी का पुजा आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष के दिन शनिवार और मंगलवार को की जाती है।

ज्ञापांक–17 / HRC–37 / 2013–2832 राँची, दिनांक–23.06.2023

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।

प्रेस विज्ञापन

झारखण्ड राज्य मानवाधिकार आयोग में अध्यक्ष के 01 (एक) रिक्त पद एवं सदस्य के कुल–02 (दो) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश /न्यायाधीश तथा माननीय उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त/कार्यरत न्यायाधीश अथवा कार्यरत/सेवानिवृत जिला न्यायाधीश, जिनके पास 07 (सात) वर्षों का जिला न्यायाधीश के रूप में कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो, एवं मानवाधिकार के संबंध में ज्ञान अथवा व्यवहारिक अनुभव प्राप्त योग्य/अर्हताधारी व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अध्यक्ष एवं सदस्यों के रिक्त पदों हेतु आवेदन अलग–अलग प्रपत्र में दिया जाना है। आवेदन पत्र में तथा लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना अनिवार्य है।

आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं पूर्ण विवरणी विभाग की वेबसाइट www.jharkhand.gov.in/home के Press Release section पर उपलब्ध है।

इच्छुक आवेदनकर्ता उपरोक्तानुसार विहित प्रपत्र में सभी प्रविष्टियों की सूचना अंकित करते हुए अपना आवेदन गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची–834004 को स्पीड पोस्ट अथवा निबंधित डाक के माध्यम से दिनांक–21.07.2023 संध्या–06.00 बजे तक भेज सकते हैं।

ह०/–

(सरिता दास)

सरकार के संयुक्त सचिव।

PR 300775 Home(23-24)D

हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता की जुर्माना राशि को घटाया

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शनिवार को डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन कमेटी के सचिव राजेश ए नंदी की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। खंडपीठ ने तथ्य छिपाकर जनहित याचिका दाखिल करने पर याचिकाकर्ता राजेश ए नंदी पर लगाए गए एक लाख रुपये की जुर्माना राशि में से 50 हजार रुपये माफ कर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया था कि वह सेवानिवृत्त शिक्षक है। इसलिए जुमार्ना की राशि घटाई जाए। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस केस से हटा दिया था। साथ ही उस पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि याचिकाकर्ता को एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट में जमा करनी थी। याचिकाकर्ता की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट की प्रॉपर्टी चैरिटेबल कार्यों हॉस्पिटल स्कूल के लिए यूज हो सकती है लेकिन छोटानागपुर डायोसी ट्रस्ट एसोसिएशन के द्वारा इसकी संपत्ति को हजारीबाग में अवैध रूप से बेचा जा रहा है, इसकी जांच कराई जाए। सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 1930 में डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन एक कंपनी बन गई थी जिसका नाम डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट एसोसिएशन था। वर्ष 1960 में इसकी ऐसेट एंड लायबिलिट छोटेनागपुर डायोसी ट्रस्ट एसोसिएशन मर्ज कर गया था। याचिकाकर्ता की ओर से एक सिविल सूट भी हजारीबाग सिविल कोर्ट में डाला गया था लेकिन इसकी जानकारी जनहित याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से नहीं दी गई थी। इसके बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर नाराजगी जताते हुए उस पर एक लाख रुपये जुमार्ना लगाया था।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में होनहारों को मिला सम्मान

रांची। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा के केशव सभागार में शनिवार को मेधावी छात्र अभिनंदन सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा और आरक्षी उपाधीक्षक, हटिया राजा मित्रा ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को सम्मानित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। शिशु विकास मंदिर समिति के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने कहा कि हमारे मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए हमारी संस्था के पुराने छात्र ही अधिकारी के रूप में उपस्थित हैं, यह खुशी की बात है। उन्होंने शिशु मंदिर की देशभर में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

विस्थापितों की समस्याओं को लेकर भाकपा का महाधरना 27 को

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाकपा के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि विस्थापितों के समस्याओं के समाधान के लिए राजभवन के समक्ष भाकपा का महाधरना 27 जून को आयोजित किया गया है। पाठक ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड के निर्माण के 23 वर्ष बीत गए लेकिन आज तक राज्य में किसानों हक और अधिकार के लिए विस्थापन नीति नहीं बना, विस्थापन आयोग की गठन भी नहीं हुआ। पुनर्वास नीति भी सरकार नहीं बना पाई। इस वजह से राज्य में किसानों का अधिकार नहीं मिल पा रहा हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू नहीं है। राज्य में गैरमजरूआ जमीन को लेकर जगह जगह पर लड़ाईयां चल रही है। राज्य में दर्जनों कोल ब्लॉक पावर प्लांट, डैम, सड़क और रेलवे लाइन बनाया जा रहा है। विकास के नाम पर किसानों की बहु फसली जमीन लाठी डंडे के बल पर लूटी जा रही है । चतरा, हजारीबाग ,पलामू ,गढ़वा में कई जगह पर आंदोलन चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाकपा ने सरकार से मांग की है कि राज्य में शीघ्र विस्थापन आयोग का गठन किया जाए और विस्थापन नीति बनाया जाय। गैरमजरूआ जमीन की रसीद काटना अविलंब चालू किया जाए। इन मांगों को लेकर भाकपा 27 जून को राजभवन के समक्ष महाधरना का आयोजन करेगा। इसमें भाकपा, माले, माकपा, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड सहित कई संगठनों के लोग शामिल होंगे।

सिकंदर के जादू ने रांची में मचा रहा धूम

रांची। कचहरी रोड स्थित वेंडर मार्केट के चौथे तल्ले पर बने रॉयल हाइट बैंक्वेट हॉल में जादूगर सिकंदर के शो में खूब भीड़ हो रही है। लोगों को यह शो खूब भा रहा है। शो के दौरान हैरतंगेज कारनामे और म्यूजिक के साथ जादू का खेल बहुत ही सफाई से परोसा जाता है। साथ ही शो के दौरान सामाजिक जागरूकता भी फैलायी जा रही है। शो में जादूगर सिकंदर लड़की को हवा में उड़ा देते हैं तो कभी गोरिल्ला बना देते हैं। इसके अलावा, बंद बॉक्स से कपड़े बदलकर बाहर आ जाते हैं। लोगों को यह काफी रोमांचित करता है। शो के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहें का नारा बुलंद किया जाता है।

सदान विकास पार्टी ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

'हमें हक से वंचित रखने की हो रही साजिश'

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड राज्य बने 23 साल हो गये। इतने दिनों में राज्य की सभी पार्टियों के विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री और सांसदों ने सदानों को हक और अधिकार से वंचित करने की साजिश की है। ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना ही पंचायत चुनाव करा दिया गया। उक्त बातें सदान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने तीन सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष धरने के दौरान कही। राज्य में 77 फीसदी सदान निवास करते हैं। सदान बहुल राज्य है, जहां 56% राज्य में ओबीसी है फिर भी सरकार उनके अधिकार का हनन कर रही है। डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि यदि सरकार और राज्यपाल हमारी मांगों पर विचार नहीं करते हैं तो प्रधान विकास पार्टी 10 दिनों के बाद राज्य में उग्र आंदोलन करेगी। राजभवन के समक्ष धरने के दौरान पार्टी के गुमला जिला अध्यक्ष सुनील कुमार भगत, रामगढ़ जिला अध्यक्ष रामेश्वर महतो, सुनील कुमार भगत, सुदेश कुमार साहू, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद परवेज, प्रशांत कुमार ने सभा को संबोधित किया।

विपक्षी एकता से भाजपा नेता हुए बेचैन : राजद

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि बिहार में विपक्ष दलों के एकजुटता देख भाजपा नेता बेचैन हैं। विशेष रूप से झारखंड के भाजपा नेता काफी असहज और बेचैन हो रहे हैं। झारखंड से भाजपा के जनाधार खिसकते देख भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष काफी बेचैन है। कुमार ने शनिवार को भाजपा नेता दीपक प्रकाश बयान की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी नेता दूध के धुले हैं। सौ चूहे खा कर बिल्ली चली हज को के कहावत को भाजपा नेता चरितार्थ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए । भाजपा नेता जिस झारखंड की धरती से बोल रहे है यहां भाजपा की जब जब सत्ता रही झारखंड को लूट खंड बनाने का काम किया। झारखंड की जनता को ठगने और धोखा देने का काम किया। कुमार के कहा कि जीरो टॉलरेंस वाली रघुवर दास के सरकार के समय 31 घोटाले हुए । इनमें मोमेंटम झारखंड में 100 करोड़, 400 करोड़ के लौह अयस्क, 18 करोड़ के कंबल घोटाले, 61 करोड़ अल्पसंख्यक छात्रवृति घोटाले, टॉफी टी शर्ट घोटाले सहित अनेक घोटाले उजागर हुए ।

चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन 41 फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
चित्रपट झारखंड फेस्टिवल 2023 के दूसरे दिन सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रांगण में 41 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। कुल 3 पर्दों पर इन फिल्मों के प्रदर्शन के दौरान तीनों प्रेक्षागृह खचाखच भरे हुए थे। लोगों ने फिल्मों की खूब प्रशंसा की और फिल्म और फिल्मों से संबंधित बातचीत से पूरा वातावरण फिल्ममय हो गया। फेस्टिवल के दूसरे दिन आयोजन में फिल्म निर्माण एवं वितरण विषय पर मुम्बई से पधारे विशेषज्ञ अशोक शरण और रुपेश कुमार एवं पुलिन मित्र, नंद कुमार सिंह तथा डॉ। सुशील कुमार अंकन ने प्रतिभागियों के साथ विशेष बातचीत की। इस विशेष सेमिनार में अपनी बातें रख कर उन्होंने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया और उनके प्रश्नों का उत्तर भी दिया। सेमीनार का संचालन राकेश रमण ने किया। फिल्म निर्माण और उससे जुड़े विषय पर इस बातचीत से उत्साहित होकर प्रतिभागियों के विशेष अनुरोध पर शाम 6:00 से रात 8:00 बजे तक अन्य विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के साथ बातचीत का यह सिलसिला चला जो कल भी जारी रहेगा।

कराटे प्रशिक्षित अपने आप में आत्मविश्वासी होते हैं : विकास

रांची। कराटे प्रशिक्षित युवा हो या अधेड़ अपने आप में आत्मविश्वासी होते हैं। यह बात पतरातू के कराटे प्रशिक्षक विकास पाठक ने कही। वे शनिवार को भवानी नगर पिर्रा के संत ज्यूस स्कूल और काठीटांड़ स्थित ग्लोबल किड्स स्कूल में कराटे का प्रशिक्षण दे रहे थे। विकास मॉडर्न मार्शल ऑर्ट्स कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया सह कराटे फेडरेशन ऑफ शोतोकॉन के तहत स्कूली बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण देना शुरू किया है। संत ज्यूस स्कूल की प्राचार्या किरण मिश्रा ने कहा कि कराटे बच्चों के विकास का एक बेहतरीन जरिया है। इसमें बच्चे आत्मरक्षा सीखते ही हैं साथ ही वे अपने आप में इतने सक्षम हो जाते हैं कि जरूरत पड़ने पर हर असामाजिक तत्वों के खिलाफ बिना किसी सहायता के आत्मरक्षा में कराटे का प्रयोग कर सकते हैं। इससे शारीरिक रूप से बच्चे सही रहते हैं और उनमें पूर्ति भी आती है। वह कभी भी अपने को अकेला नहीं महसूर करते हैं, जिससे उन्हें डर लगे।

भेदभाव यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध करेंगे आदिवासी संगठन

आज रांची में होगी बैठक, आगे की बनेगी रणनीति

नवीन मेल संवाददाता। रांची
इन दिनों समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड की जोरशोर से चर्चा चल रही है। इसका मतलब है एक ऐसा सेक्यूलर कानून जो देश के सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू होता है। इसके मुताबिक अलग-अलग पंथ के लिए अलग-अलग सिविल कानून नहीं होना चाहिए। इसपर 22वें विधि आयोग ने आम जनता, सार्वजनिक संस्थानों और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों की राय मांगी है। इसके लिए 14 जुलाई तक का समय दिया गया है। एक पक्ष की दलील है कि इससे लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। धर्म के आधार पर भेदभाव रूकेगा। कानूनी प्रणाली को सरल बनाने में मदद मिलेगी। वहीं दूसरे पक्ष का मानना है कि इससे धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन होगा। इस बीच यूनिफॉर्म सिविल कोड के विरोध में झारखंड के आदिवासी संगठन गोलबंद होने लगे हैं। 25 जून को करमटोली के पास धुमकुड़िया में एक बैठक बुलायी गयी है। इसमें विस्तार से चर्चा के साथ आगे की रणनीति बनेगी। आदिवासी जनपरिषद के प्रेमशाही मुंडा ने ईटीवी भारत से फोन पर बातचीत के दौरान बताया कि यूनिफॉर्म सिविल कोड से आदिवासियों का हक प्रभावित होगा। उनकी दलील है कि केंद्र की मोदी सरकार एक साजिश के तहत इसको लाना चाह रही है। यह इसलिए आदिवासी हित में नहीं है क्योंकि इससे आदिवासियों की जमीन की रक्षा के लिए बना सीएनटी और एसपीटी एक्ट प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि अगर इसको लागू किया गया तो पांचवी अनुसूची का क्या होगा। आदिवासियों के लिए बने पेसा कानून का क्या होगा। उन्होंने इसे आदिवासी विरोधी बताते हुए अपना विरोध जताया है। प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि 25 जून को प्रस्तावित बैठक में देवकुमार धान और गीताश्री उरांव समेत कई नेता शिरकत करेंगे। इस बैठक में झारखंड के विधानसभा से पारित सरना आदिवासी धर्म कोड पर अबतक केंद्र की मुहर नहीं लगाए जाने के सवाल पर भी चर्चा होगी।आदिवासी जनपरिषद और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की ओर से बुलायी गई बैठक के बाबत प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि रविवार की बैठक में स्पष्ट हो जाएगा कि हमलोग क्या करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के रूख से स्पष्ट है कि हमें सड़क पर उतरकर इसके विरोध में आंदोलन करना होगा। उनसे पूछा गया कि क्या आप भाजपा विरोधी पार्टियों से भी इसके लिए समर्थन मांगेंगे। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हमें समर्थन मांगने की जरूरत नहीं है। अगर कोई पार्टी समर्थन करेगी तो हम उसका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर उनकी बातें नहीं मानी गई तो इसका प्रभाव आगामी चुनाव पर भी दिखेगा।

श्रावणी मेले की तैयारी में जुटा प्रशासन, डीसी ने किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

देवघर । राजकीय श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं के सुगम और सुलभ जलार्पण को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को किए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान बाबा मंदिर प्रांगण के साथ क्यू कॉम्पलेक्स, उमा भवन, संस्कार मंडप, फुट ओवर ब्रिज के अलावा बाबा मंदिर आसपास के क्षेत्रों में किए जा रहे विभिन्न कार्यो का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किए जा रहे विभिन्न कार्यों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों निर्देश भी दिया। श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर उपायुक्त ने मंदिर आसपास के क्षेत्रों के अलावा क्यू कॉम्पलेक्स, उमा भवन, संस्कार मंडप, फुट ओवर ब्रिज का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता व कार्यों की बारीकियों को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए युद्धस्तर पर पूर्ण करें ताकि श्रद्धालुओं की किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही क्यू कॉम्प्लेक्स में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किए जा रहे कार्यों जैसे पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, स्नानगृह, स्वास्थ्य शिविर और बेरिकेड के

कार्यों को तय समय अनुसार पूर्ण करने का आदेश संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को दिया।

NEWS इन ब्रीफ

सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दो घायल

गिरिडीह। धनवार थाना क्षेत्र के बरजो मोड़ के पास शुक्रवार की देररात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार धनवार थाना क्षेत्र के बरवाडीह निवासी बंधन ठाकुर के 20 वर्षीय पुत्र अरविंद ठाकुर की मौत बरजो मोड़ के पास हुए दुर्घटना में हो गई. उनके साथ दो अन्य अमन ठाकुर पत्थलडीहा निवासी और लोहरा नावाडीह मरकच्चो थाना क्षेत्र के विकास ठाकुर बुरी तरह से घायल हो गए. दोनों की हालत गंभीर बतायी जाती है. धनवार पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों को राजधनवार रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां अरविंद ठाकुर को मृत घोषित कर दिया गया, वही अमन ठाकुर व विकास ठाकुर को धनबाद रेफर कर दिया गया . जानकारी के अनुसार अरविंद ठाकुर के चचेरे भाई की शादी शुक्रवार की रात को होनी थी. शादी के क्रम में एक बाइक पर सवार होकर तीनों वरजो मोड़ की ओर आए थे. वरजो मोड के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में तीनों आ गए.

दो बाइक में सीधी टक्कर तीन युवक घायल

बोकारो। फुसरो पुराना बीडीओ ऑफिस के समीप मेन रोड में शुक्रवार 23 जून की देर रात दो बाइक के बीच सीधी टक्कर में तीन युवक घायल हो गए. घायलों में फुसरो पटेल चौक निवासी 20 वर्षीय नीरज कुमार, करगली बाजार निवासी 20 वर्षीय शिवम शर्मा और पिछरी छप्परडीह निवासी 22 वर्षीय अमित महतो शामिल है. हादसे के बाद फुसरो बाजार के मोबाइल व्यवसायी विनय बरनवाल ने तीनो घायलों को सीसीएल केंद्रीय अस्पताल ढोरी पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया. गंभीर रूप से घायल अमित महतो को बेहतर इलाज के लिए बोकारो सदर अस्पताल रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार फुसरो पटेल चौक निवासी शिवम और नीरज अपने घर लौट रहे थे.

बालू से लदे दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

जमशेदपुर। बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में सुवर्णरेखा नदी के कई घाटों पर बालू का अवैध उत्खनन हो रहा है. बालू का उत्खनन कर ट्रैक्टरों पर दिनदहाड़े ले जाया जा रहा है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी तथा अंचल अधिकारी जीतराम मुर्मू ने पुलिस बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को छापामारी अभियान चलाया. पुलिस ने केवला के निकट मुख्य सड़क पर अवैध बालू से लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया. दोनों ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर छोड़कर भागने में सफल रहे. एक सोनालिका ट्रैक्टर तथा दूसरा जॉन डीयर ट्रैक्टर है. बालू से लदे दोनों ट्रैक्टरों को थाना लाया गया है. बालू लदे दोनों ट्रैक्टर चौरंगी से बहरागोड़ा की ओर आ रहे थे. पुलिस दोनों ट्रैक्टर के मालिकों और चालक के नाम का पता लगाने में जुटी है. प्रशासन की इस कार्रवाई से बालू के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा है.

वज्रपात से झुलसी बच्ची सीएचसी में इलाजरत

चाईबासा। मनोहरपुर थाना अंतर्गत बीती शुक्रवार देर शाम ग्राम पुरनापानी नवाडीह टोला की 15 वर्षीय बच्ची रीना कच्छप वज्रपात की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गई. परिजनों की लापरवाही के कारण पीड़ित बच्ची को 19 घंटे बाद मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. वहां स्थानीय चिकित्सकों की देख-रेख में पीड़ित बच्ची का इलाज चल रहा है. घटना के बाबत मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित बच्ची रीना बीती शुक्रवार शाम आम चुनने के लिए घर के समीप जंगल गई थी तभी जोर का वज्रपात हुआ और बच्ची उसकी चपेट में आ गई. इस वज्रपात में उसके शरीर का पिछला हिस्सा बुरी तरह झुलस गया है.

क्रेडो वर्ल्ड स्कूल में पेफी खेल महोत्सव शुरू

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। पेफी झारखंड चैप्टर द्वारा क्रेडो वर्ल्ड स्कूल आमाघाटा में 24 जून शनिवार से तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ हो गया. उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि प्रवीन्ध कुमार कोषाध्यक्ष पेफी इंडिया, मिस्टर तोमर महासचिव पेफी मध्य प्रदेश चैप्टर, नवीन विश्वास संयुक्त सचिव एनके ऐफ इंडिया, मिस्टर भूपेंद्र फाउंडर मेंबर पेफी, हर्षित अग्रवाल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्रेडो वर्ल्ड स्कूल, शर्मिला सिन्हा प्रिंसिपल क्रेडो वर्ल्ड स्कूल व रंजीत केसरी महासचिव धनबाद ओलंपिक संघ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. मौके पर मिनी मैराथन, एथलेटिक्स, कबड्डी, योगा, कराटे प्रतियोगिता एवं एंटी डोपिंग सेमिनार का भी आयोजन किया गया. मिनी मैराथन में लड़कियों में प्रथम डोली कुमारी, द्वितीय रिया कुमारी, तृतीय सोनम कुमारी, लड़कों में प्रथम राहुल कुमार महतो, द्वितीय कौशल कुमार महतो, तृतीय जीवन कुमार. लड़कों की स्पर्धा में 100 मीटर दौड़ में प्रथम शाहबाज खान, द्वितीय सुनील पासी, तृतीय सचिन कुमार साहू. 200 मीटर में प्रथम शाहबाज खान, द्वितीय सुनील पासी, तृतीय कोलीन जसुआ क्रेबे. 400 मीटर में प्रथम दिव्यांशु कुमार मिश्रा, द्वितीय आशीष कुमार साव, तृतीय प्रवीण कुमार. 800 मीटर में प्रथम राहुल कुमार महतो, द्वितीय आशीष कुमार साव, तृतीय विकास कुमार श्रीवास्तव. गोला फेंक में प्रथम दुलाल नापित, द्वितीय सुजल जायसवाल, तृतीय युवराज सिंह. लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम ज्योति कुमारी, द्वितीय करिश्मा प्रसाद, तृतीय अनिशा कुमारी. 200 मीटर दौड़ में प्रथम लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय अनिता कुमारी, तृतीय ईस्टर जूलियन क्रेबे. 400 मीटर दौड़ में प्रथम लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय कोमल कुमारी, तृतीय काजल कुमारी ठाकुर एवं 800 मीटर दौड़ में प्रथम डॉली कुमारी, द्वितीय रिया कुमारी एवं तृतीय सोनम कुमारी रही. मौके पर मनोज मिश्रा डायरेक्टर पेफी इंडिया, रेजा इस्तियाक डायरेक्टर पेफी झारखंड, आलोक चौधरी महासचिव पेफी झारखंड, अंशु सरकार पैट्रोन पेफी झारखंड, स्मिकी सरकार सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पेफी झारखंड, मृदुल बोस अध्यक्ष, कुणाल कुमार महासचिव, डॉ. शैलेश कुमार निदेशक, अभिजीत पात्रा सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पेफी धनबाद चैप्टर मौजूद थे.

बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के महिला मोर्चा ने निकाला जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। निरसा के बड़ा अम्बोना गांव में 24 जून शनिवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के महिला मोर्चा ने जुलूस निकाला. जुलूस का नेतृत्व समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने किया. जुलूस में शामिल महिलाओं ने सरकारी विद्यालय में बांग्ला भाषा की पढ़ाई की मांग की. कहा कि पहले स्कूलों में बांग्ला भाषा की पढ़ाई होती थी. परंतु अलग राज्य बनने के बाद बंद कर दी गई. समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर ने कहा कि बांग्ला भाषियों की संख्या अधिक रहने के बावजूद स्कूलों में पठन पाठन नहीं हो रहा है. यह भाषा 26 जाति लोगों का मौलिक अधिकार है. इस अधिकार को छीनने नही देंगे. प्रखंड अध्यक्ष बबलू दास ने कहा कि निरसा क्षेत्र के 95% प्रतिशत लोगों की भाषा बांग्ला है. इसीलिए बांगला भाषा के लिए निरसा क्षेत्र से ही आंदोलन शुरू होगा. इस बार गांव-गांव प्रचार करेंगे. जो हमारी मातृभाषा के आंदोलन में योगदान करेगा, उसी को 2024 में चुनेंगे. जो योगदान नहीं करेगा, उसको गांव में घुसने नहीं देंगे. इसलिए हर गांव में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है. जुलूस व सभा में असीत गोराई, मुकन दास, गणेश गोराई, नगेन गोराई बाबल सुईस, रुपाली मंडल, वषार्ला गोराई, साधन मंडल, गौरी देवी, अनिल मोदक, सरस्वती देवी, पूनम सईस, ललिता मंडल, बारौनी मंडल शिबरी मंडल, अरुणा, कुंती मंडल, लीला मंडल, माथा मंडल आदि शामिल थे।

एक पारा शिक्षक के भरोसे है पाकुड़िया उत्क्रमित मवि.

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। चाकुलिया प्रखंड की सरडीहा पंचायत स्थित पाकुड़िया उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिक्षकों की कमी का दंश झेल रहा है. इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे दो साल से एक ही पारा शिक्षक के भरोसे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. पाकुड़िया प्रखंड के अंतिम छोर पर पश्चिम बंगाल से सटा हुआ गांव है. विद्यालय में शिक्षकों के पदस्थापन के मसले पर शिक्षा विभाग द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है. अहम सवाल यह है कि एक पारा शिक्षक के भरोसे कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थी कैसे शिक्षा प्राप्त करते होंगे. बच्चों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर प्रश्नचिन्ह लग गया है.

विद्यालय में 35 बच्चे हैं नामांकित

इस विद्यालय में एकमात्र पारा शिक्षक मंटू चरण महतो हैं. वे प्रधानाध्यापक भी हैं. विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है. विद्यालय में 35 बच्चे नामांकित हैं. इनमें कई सबर बच्चे भी हैं. शिक्षकों की कमी से विद्यालय का पठन-पाठन पर बुरा असर पड़ रहा है. एक ही कमरे में कई वर्ग के विद्यार्थियों को पढ़ाना पड़ता है. बीआरसी में आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए जब पारा शिक्षक जाते हैं. तब स्कूल को बंद करने की नौबत आ जाती है.

सीआईएसएफ जवानों ने बच्चों संग निकाली जागरुकता रैली

बोकारो। विश्व पर्यावरण दिवस पर बोकारो थर्मल में सीआईएसएफ के जवानों ने कॉर्मेल स्कूल के बच्चों संग जागरूकता रैली निकाली। रैली को डिप्टी कमांडेट बिरेन कुमार सेठी व प्राचार्या सिस्टर मिलर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली के माध्यम से लोगों से कहा गया कि अपने जन्मदिवस व शादी की सालगिरह पर पौधा अवश्य लगाएं साथ ही उसकी देखभाल भी करें. डिप्टी कंमाडेट बिरेन सेठी ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण के प्रति चिंतित रहना चाहिए. पर्यावरण ठीक रहे इसके लिए मौसम के अनुसार पौधा लगाना और उनका देखरेख करना आवश्यक है. कार्यक्रम में प्रिंसिपल सिस्टर मिलर ने डिप्टी कमांडेंट को पौधा भेंट किया. इस दौरान सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार प्रसून, अनिल कुमार, विनोद कुमार, एमके तिवारी, कपिल भैरा, राजेश कुमार शाह, ओमप्रकाश यादव, सुरेश यादव, केके सिंह, एके तिवारी, बच्चू सिंह, सीबी सिंह, एसके चौरसिया, महेंद्र कुमार, एके बेहरा आदि मौजूद थे।

भाजपा ने चलाया घर घर जनसंपर्क अभियान

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। भारतीय जनता पार्टी खुंटपानी मंडल द्वारा केंद्र सरकार के नौ वर्ष पुरे होने पर शनिवार को महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया. इस महा जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष सुदामा हाईबुरू ने किया. उनकी उपस्थिति में होरलोर गांव के बुथ संख्या 136 में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाकर पत्रक वितरण किया गया और लोगों को केंद्र सरकार के समर्थन देने के लिए आग्रह करते हुए टोल फ्री नंबर पर कॉल करवाया गया. इसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक जवाहर लाल बानरा मौजूद थे. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बीते नौ वर्षों में कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की है जिसका लाभ सीधे जनता को मिल रहा है. आज हम जनता के पास सीधे घर-घर जा रहे हैं और योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ले रहे हैं तो पता चल रहा है कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है. उन्होंने उम्मीद जताई कि लोग आने वाले लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को अपना समर्थन देंगे. देश को विकसित करने के लिए नरेन्द्र मोदी का दोबारा प्रधानमंत्री बनाना आवश्यक है. इसी विश्वास के साथ केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा लेकर काम कर रही है.

कार्य स्थगित **मुर्गा दुकानदार की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 28 को करेंगे हड़ताल**

नगर निगम कर्मियों का कार्य बहिष्कार 27 तक

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन के तत्वावधान में 24 जून शनिवार को नगर निगम परिसर में संपन्न बैठक में शुक्रवार से जारी कार्य बहिष्कार को स्थगित कर दिया गया है. संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 27 जून तक कार्य बहिष्कार स्थगित किया गया है. मामले में श्री सिंह ने कहा कि पुलिस कार्यवाही के लिए समय चाहिए, 27 तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 28 जून से पुनः हड़ताल शुरू कर दी जाएगी. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के आला नेताओं का जब

गिरिडीह दौरा होता है तो सफाई कर्मियों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना होता है. ऐसे कार्यों से किसी को ऐतराज हो तो निगम के अधिकारियों के समक्ष विरोध जताएं. सफाई कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट कहीं से जायज नहीं है.

सफाईकर्मी को दी जान मारने की धमकी

विदित हो कि 22 जून को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के गिरिडीह दौरा के क्रम में भंडारीडीह में निगमकर्मी सफाई कर रहे थे. इसी दौरान मुर्गा दुकानदार रिजवान ने सफाई कर्मियों से बदसलूकी कर मुर्गा काटने वाले हथियार दिखाकर जान मारने की धमकी दी थी. गुस्साई कर्मियों ने 23 से कार्य बहिष्कार कर दिया. प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नगर निगम के उप नगर आयुक्त स्मृता कुमारी को दे दी गई है और कर्मी तत्काल काम में लग गए हैं. बैठक में श्री सिंह के अलावा संघ के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रा, लखन हरिजन, शब्बीर अंसारी. लखन शर्मा आदि मौजूद थे.

चाईबासा : कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टोंटो की छात्रा की स्कूल में ही मौत

चाईबासा। टोंटो प्रखंड के लिसिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में लापरवाही हुई है. इसमें 8वीं की छात्रा ने दम तोड़ दिया. ग्राम मृगलीडी की छात्रा लुदूरी हेम्ब्रम (15 वर्ष) को गर्मी छुट्टी के बाद 16 जून को मां ने स्कूल पहुंचा दिया था. 17 जून की रात्रि से उसकी तबीयत खराब हुई, तबीयत खराब होने की जानकारी वार्डेन को दी गई, लेकिन वार्डेन ने इस पर कोई गम्भीरता नहीं दिखाई. परिजनों को फोन पर जानकारी देने के लिए कहने पर वार्डेन ने फोन नहीं लगने की जानकारी दी. देखतेझ्देखते छात्रा की तबीयत काफी खराब हो गई. सहेलियों द्वारा पानी पिलाना, खाना खिलाना का ध्यान रखा जा रहा था. बुधवार रात को जब हॉस्टल में ही छात्रा की तबीयत काफी खराब हो गई, तो गुरुवार को उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी शुरू हुई. लेकिन, दोपहर एक बजे छात्रा ने वहीं दम तोड़ दिया. यह सारी जानकारी छात्रा के साथ पढ़ने वाली उसकी सहेलियों ने दी है.

धनबाद : मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत हुआ बकरा-बकरी का वितरण

धनबाद। तोपचांची प्रखंड परिसर में शनिवार 24 जून को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 10 लाभुकों के बीच विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बकरा-बकरी का वितरण किया. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना बहुत ही लाभकारी है. इस योजना का लाभ उठाकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं. सभी यूनिटों को अच्छी नस्ल का बकरा बकरी दिया गया है. अगर सही ढंग से पालन किया गया तो आमदनी में भारी वृद्धि होगी. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश एक्का, तोपचांची प्रखंड प्रमुख आनंद महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष विकास तिवारी, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहदेव महतो, रोहन महतो, प्रसिद्ध सिंह आदि मौजूद थे.

गांडेय : अज्ञात वाहन के धक्के से अधेड़ की मौत

गिरिडीह। गिरिडीह जिले के गांडेय प्रखंड के दासडीह के निकट 24 जून की अहले सुबह एक अज्ञात वाहन के धक्के से जोड़ाआम निवासी मुरलीधर पाठक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वे सुबह के समय टहलने निकल थे. इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहा एक अज्ञात वाहन के धक्के से उनकी मौत हो गई. हादसे की खबर पाकर उनके दोनों पुत्र घटनास्थल पर पहुंचे. घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने फरार अज्ञात वाहन चालक की गिफ्तारी की मांग को लेकर गिरिडीह-जामताड़ा मुख्य सड़क मार्ग घंटों तक जाम कर दिया. सड़क जाम के कारण यातायात की समस्या उत्पन्न हो गई. सड़क पर दोनों किनारे वाहनों की कतारें लग गई. लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे. सड़क जाम की खबर पाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार और अंचलाधिकारी सफी आलम घटनास्थल पर पहुंचे तथा परिजनों व ग्रामीणों को समझाकर सड़क पर से हटाया. इसके बाद फिर यातायात सामान्य हुई. इसी बीच गांडेय थाना प्रभारी साकेत प्रसाद देव सदलबल घटनास्थल पर पहुंचे और मुआयना किया.

चाईबासा में दिव्यांगों का बनेगा यूडीआइडी कार्ड

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत पात्रताधारित दिव्यांग जनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा यूडीआईडी उपलब्ध कराने हेतु जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 26 जून से शिविर लगाया जाएगा. सर्वप्रथम 26 जून को टोंटो प्रखंड में शिविर का आयोजन होगा. इसके बाद 28 जून को खूंटपानी, 01 जुलाई को कुमारडुंगी, 03 जुलाई को चक्रधरपुर, 04 जुलाई को बंदगांव, 05 जुलाई को सोनुआ, 08 जुलाई को तांतनगर, 11 जुलाई को जगन्नाथपुर, 12 जुलाई को मंझगांव, 13 जुलाई को गोईलकेरा, 14 जुलाई को सदर अस्पताल चाईबासा-नेत्र विभाग, 15 जुलाई को मंझारी, 18 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-नोआमुंडी एवं 20 जुलाई को झींकपानी कार्यक्रम होंगे. कैंप के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा महिला पर्यवेक्षिका को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत लाभुकों की सूची आयोजन के पूर्व तैयार करने के निर्देश दिए गए है. विशेषकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र से छूटे हुए जनों को सूचित किया गया है कि शिविर में आने वाले पात्रताधारित लाभुक अपने साथ फुल साइज फोटो, आधार कार्ड सहित संबंधी कागजात लेकर उपस्थित हो.

जामीरा पहाड़ पूजा आज, तैयारियां पूरी

जमशेदपुर। चाकुलिया प्रखंड के बड़ीकानपुर-कालापाथर पंचायत में 25 जून (रविवार) को अच्छी वर्षा और खुशहाली के लिए 10 मौजा के ग्रामीण जामीरा पहाड़ की पूजा करेंगे. इस पहाड़ की पूजा करने की वर्षों पुरानी परंपरा है. पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. ग्रामीणों की मान्यता है कि पहाड़ पूजा करने से अच्छी वर्षा होती है और क्षेत्र में खुशहाली आती है. पूजा के मौके पर न्यू यंग ब्वॉयज क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे. पुजारी सह ग्राम प्रधान पिथो मुर्मू परंपरा के मुताबिक पूजा अर्चना करेंगे. पूजा के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा. विदित हो कि बड़ीकानपुर से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर पूजा स्थल तक भक्त जाते हैं. पूजा स्थान पर कालापाथर गांव के साहेब राम मुर्मू द्वारा मंदिर का निर्माण कराया गया है.

मासिक लोक अदालत में 148 मामलों का निष्पादन

गिरिडीह। व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार 24 जून को आयोजित मासिक लोक अदालत में कुल 148 मामलों का निष्पादन किया गया. जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीना मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित मासिक लोक अदालत में कुल 7 पीठ का गठन किया गया था. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सौरभ कुमार गौतम ने बताया कि मासिक लोक अदालत में कुल 7 लाख 86 हजार 755 रुपए की राशि संबंधित विभाग व पक्षकारों को दी गई. उन्होंने बताया कि इसमें सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल वाद, क्लेम वाद, एनआई एक्ट वाद, बिजली विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, श्रम विभाग, माप-तौल विभाग, टेलीफोन विभाग से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी न्यायिक पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पैनल अधिवक्ता, न्यायालय कर्मियों व पारा लीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

उपायुक्त की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2022-23 की समीक्षा बैठक आयोजित

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय के सभागार में जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक की गई. बैठक में खरीफ विपणन मौसम 2022-23 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति एवं इसके एवज में किसानों को भुगतान को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई. बैठक में बताया गया कि विपणन वर्ष के अंतर्गत कुल 21 लैम्पस के माध्यम से 1590 किसानों से तकरीबन 78,000 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति हुई है. अधिप्राप्ति के एवज में शत-प्रतिशत किसानों को प्रथम किस्त की राशि का हस्तांतरण किया जा चुका है. दूसरे किस्त के तहत 116 किसानों को राशि का भुगतान किया गया है.

कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू

ऐसे आयोजन से भक्ति की भावना का प्रसार होता है : सुनीता चौधरी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ नगर परिषद के अंतर्गत छत्तर मांडू में श्री श्री राधा कृष्णा मंदिर जीणोंद्धार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पांच दिवसीय महायज्ञ को तहत 24 जून को कलश यात्रा का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा की विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए. मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा की क्षेत्रवासियों के सफल सुखद एवं स्वास्थ्य जीवन सुख समृद्धि की कामना करते हैं. कहा इस तरह के आयोजन से भक्तिमय का वातावरण बनता है .मौके पर धनेश्वर महतो , किशुन राम मुंडा, कमिटी के अध्यक्ष भवानी महतो, सचिव सच्चीनंद महतो, उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद,कोषाध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा, संरक्षक रामनरेश महतो, सुनील कुमार, सुभाष महतो,शंकर प्रसाद महतो, नरेश साहू,बासुदेव महतो, दिनेश कुमार, संजय कुमार, कृष्णा प्रसाद,दिनेश कुमार,पवन कुमार, संतोष कुमार, कजरू महतो, विवेक प्रसाद कुशवाहा,दीपक कुमार,रुपेश कुमार,नटवरलाल कुशवाहा, संतोष सोनी, देवनंद कुमार, गणेश कुशवाहा, अनूप यादव, दिलीप यादव सहित अन्य मौजूद थे.

प्रवासी मजदूर व उनके परिवारों को पंजीयन के लिए मिला प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगपाचो नायक टोला में महिला मुक्ति संस्था एवं जनसाहस संस्था के एम आर सी टीम के द्वारा प्रवासी मजदूरों एवं इनके परिवारों के साथ प्रवास पूर्व प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर क्षेत्र अधिकारी रोहित कुमार, सतेंद्र कुमार यादव, जिला समन्वयक मोनिका रानी, जे एस एफ जरीना खातून एवं जन साथी रंजीत साव के द्वारा प्रवासी मजदूरों एवं परिजनों को प्रवास पूर्व प्रशिक्षण में बताया गया की मजदूर लोग प्रवास से पूर्व अपने पंचायत में पंजीयन करवा कर निकले एवं लेबर ऑफिस हजारीबाग में उन्हें पंजीकृत होना आवश्यक है। वहीं क्षेत्र अधिकारी रोहित कुमार ने पंजीयन करवाने से लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रवास के बाद कैसे सुरक्षित रह सकते है, कार्य स्थल पर कैसे सुरक्षित रहना है तथा कार्य के दौरान क्या करना है।उन्होंने जनसाहस मजदूर हेल्प लाइन नंबर 18002000211 के बारे में बताया और महिला हेल्पलाइन नंबर 180030002852 महिलाओं से संबंधित या शोषण के विरुद्ध महिला हेल्पलाइन नंबर में कॉल कर सकते हैं।बताया जन साहस मजदूर हेल्पलाइन नंबर मजदूरों के लिए अत्यधिक मददगार है। अन्य वक्ताओं ने बीओसीडब्लू कार्ड, बाल श्रम श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओ के बारे में जानकारी दी ।

रामगढ़ में पल्स पोलियो अभियान के प्रति विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत 5 साल तक के शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के निर्देश पर शनिवार को विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर सभी को 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जानकारी देने के क्रम में बच्चों से अपने अभिभावकों एवं आसपास के अन्य लोगों को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जानकारी देने की अपील की गई। गौरतलब है कि पल्स पोलियो अभियान 2 जुलाई से 4 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 2 जुलाई को अभिभावक बूथ पर जाकर अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिला सकते हैं वही 3 एवं 4 जुलाई को सहिया एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा।

जेएनवी प्रवेश परीक्षा में सफल सोनाली को गौतम कुमार ने दी बधाई

बरकट्ठा। विधानसभा के युवा नेता गौतम कुमार ने बरकट्ठा छठ गेट समीप के निवासी संजय दास की द्वितीय पुत्री सोनाली को जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर उनके घर पहुंच कर बधाई दी तथा छात्रा के उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।कहा कि बरकट्ठा की बेटियां तरह-तरह की सफलता का परचम लहरा रही है।विदित हो कि संजय दास की बड़ी बेटी भी नवोदय की परीक्षा पहले पास कर चुकी है और उसी विद्यालय में अध्ययनरत है।इस अवसर पर गौतम कुमार ने सोनाली को अपने साथियों के साथ मिठाई खिलाकर बधाई दी।गौतम कुमार ने कहा कि संजय जी अपने बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए हमेशा जागरूक रहे हैं।वहीं बधाई देने वाले में पिताम्बर नायक, विक्की गुप्ता ,अशोक गुप्ता,बासुदेव मोदी,पप्पु गुप्ता, सुबोध सोनी, कमलेश गुप्ता, शुभम सोनी, शिव कुमार मेहता मौजूद थे।

हजारीबाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

हजारीबाग । भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के तत्वावधान में डीवीसी हजारीबाग में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें सांख्यिकी के जनक डॉ. प्रो. पीसी महालनोबिस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत, डीवीसी के निदेशक व उप निदेशक क्रमवार डॉ संजय कुमार व डॉ जीतेंद्र झा, बैंक ऑफ इंडिया की हिंदी अधिकारी इंद्रा सिंह, राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के शिक्षक सह पर्यावरणविद् डॉ मनोज कुमार ने दफ्तरों ने हिन्दी में काम करने पर जोर दिया । इससे पहले राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय हजारीबाग के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार, के.वी.शेखर और जयदेव कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया । वहीं राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्रशिक्षु छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया । कार्यालय प्रभारी सूरज कुमार ने स्वागत भाषण दिया गया ।

धूमधाम से निकाली गयी साईं बाबा की पालकी यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। शहर के राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार 13 वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह साई बाबा की पालकी यात्रा के साथ 24 जून को आरंभ हुआ। पालकी यात्रा से पूर्व पुजारी द्वारा साई बाबा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। उसके पश्चात मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ साइ बाबा की पालकी यात्रा आरंभ हुई। पालकी यात्रा झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चौक, मेन रोड होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालु साई बाबा के मधुर भजन गाते बढ़ते चल रहे थे। जिससे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया था। साई बाबा की पालकी यात्रा का शहर के विभिन्न स्थानो पर स्वागत किया गया। वहीं, पालकी यात्रा के गुरूद्वारा साहिब पहुंचने पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का शीतल पेयजल के साथ स्वागत किया गया। आनंद साई दरबार से आयोजित साई बाबा की पालकी यात्रा के दौरान साई बाबा का वेष धारण किये पूर्व विधायक जयुमा शर्मा के पुत्र विमल शर्मा लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं, आनंद साई दरबार के 13वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर मंदिर का रंग रोगण कराया गया है। साथ ही मंदिर की आकर्षक विद्युत बल्बों से सजावट की गई है। जिससे मंदिर की भव्यता देखते ही बन रही है। स्थापना दिवस समारोह के तहत दूसरे दिन 25 जून को मंदिर में विशेष पूजन का आयोजन किया जाएगा। जबकि 26 जून को अटूट भंडारे के साथ स्थापना दिवस समारोह का समापन होगा। साई बाबा की पालकी यात्रा में झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा, झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू,अजीत जायसवाल, प्रो संजय सिंह, संतोष सिन्हा, विजय मेवाड़, जितेंद्र प्रसाद डब्लू, मुन्ना सिन्हा, राजेश साव, विनोद साव, अरविंद अग्रवाल, जीतू अग्रवाल, आनंद सिन्हा, संजय दांगी, बादल, सन्नी सिन्हा, आनंद सिंह, उत्तम, नवनीत कुमार, मनोज मंडल, अजय कुमार,बसंत कुमार,कैलाश चंद्र साह, आयुष कुमार गुप्ता,सुरेश प्रसाद, मौजन कुमार, सलमान, अशोक कुमार महतो,अनूप विश्वकर्मा, दीपक सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटे जिप उपाध्यक्ष

बेहतर मॉडल किया जायेगा लागू : किसुन

नवीन मेल संवाददाता

बरही । विगत 19 जून से 25 जून तक हैदराबाद में हो रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव अपने प्रदेश लौट चुके है, देर रात तक अपने गृह क्षेत्र लौटने की संभावना है. दूरभाष पर उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज योजना से संबंधित कई महत्पूर्ण जानकारियां मिली. पंचायत को कैसे सुदृढ़ और सशक्त बनाया जाए, योजनाएं कैसी होनी चाहिए, उसे मूर्त रूप कैसे दिया जाए, कोष कहां से और कैसे उपलब्ध हों आदि जैसे कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. पंचायत में विभिन्न मॉडलो को विकसित करने, आने वाले समस्याओं को समाधान करने संबंधित विभिन्न तकनीति और गैर तकनीकी जानकारियां दी गई. जिसका हजारीबाग जिला के पंचायती संस्थाओं के लिए उपयोग करने का प्रयास किया जायेगा. उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से जनप्रतिनिधियों को नई शक्ति और ऊर्जा मिलती है. सरकार के इस पहल के लिए उन्होंने राज्य सरकार का अभार जताया. प्रशिक्षण के क्रम में बतौर प्रशिक्षक मुख्य रूप से डॉ ए रमेश शक्तिवेल, मोनिश जैन, त्रिलोकी कर्ण जैसे विशेषज्ञों के मार्गदर्शन मिले है. जिसे वह क्षेत्र में हर संभव धरातल पर प्रयोग करने का प्रयास करेगे.

गैड़ा निवासी अशोक ठाकुर का पुणे में सड़क हादसे में मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गैड़ा के ग्राम ठाकुर टोला निवासी अशोक ठाकुर 21वर्ष, पिता जेतलाल ठाकुर की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। विदित हो कि अशोक ठाकुर महाराष्ट्र के पुणे में रहकर ट्रेलर गाड़ी में खालासी का काम करता था। जिसकी बीते शुक्रवार सुबह लोनावाला में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना परिजन एवं गांव वालों को मिलने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गांव वालों ने बताया कि अशोक ठाकुर काफी सीधा-साधा मृदुल स्वभाव का लड़का था।पहले गैड़ा में साउंड ऑपरेटर का काम करता था जो लगभग एक माह पहले महाराष्ट्र काम करने के लिए गया था ।घटना की सूचना पाते ही उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय मृतक के घर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया । उन्होंने प्रशासन से गरीब परिवार को मुआवजा देने की मांग की।मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

बरही में रेलवे ट्रैक पर मिला विक्षिप्त का शव

बरही । उज्जैन रेलवे ट्रैक से एक विक्षिप्त का लाश बरामद हुआ है. जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह ने बताया कि घटना शनिवार की दोपहर की है. शव ग्रामीणों के द्वारा देखी गई. जिसकी सूचना पर वह दल बल के साथ पहुंकर शव को कब्जे में लेकर हजारीबाग पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. शव की पहचान नहीं हो सकी है, मृतक की उम्र 50 वर्ष के करीब है. शव शीत गृह में सुरक्षित रखा गया है.

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 61वें जन्मदिन पर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा

अदाणी फाउंडेशन के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को मिला सम्मान

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 61वें जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को मटवारी स्थित शिवांस क्लीनिक में कंपनी द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लिया और 36 लोगों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का भी अभियान चलाया गया। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना था। इस मौके पर रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल से जुड़े चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति को हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्त के अभाव में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे मरीज को समय रहते रक्त मिल जाने से उसकी जान बच जाती है। इससे बड़ा जीवन में पुण्य का कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता। इसके साथ ही रक्तदान करने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित रहता है। रक्तदान के बाद सभी रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शेख भिखारी मेडिकल

रक्तदान शिविर में 36 अधिकारियों ने किया रक्तदान

कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर नीरज कुमार, टेक्नीशियन आर खैरी और वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर गोंदलपुरा खनन परियोजना के प्रमुख धर्मेंद्र दूबे, जीएम आलोक कुमार, डीजीएम संजय कुमार, कुमार विवेक, वरीय प्रबंधन भीखम सिंह, आशीष कुमार, राहुल राज समेत बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर चलाया कुष्ठ रोगी

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत दिनांक 15/06/2023 से 28/06/2023 तक कुष्ठ रोग खोजी अभियान चलाया जाना है। जिसके लिए रामगढ़ जिले के 1215 टोला को चिन्हित कर 201 सुपरवाइजर एवं 1157 सहियाओं के साथ 1157 टीम बनाये गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सविता वर्मा और उनकी टीम द्वारा चितरपुर, कोठार एवं मुरामकला में कुष्ठ रोगी खोजो अभियान चलाया गया। साथ ही मौके पर डॉ वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज मे कुष्ठ रोग को लेकर फैले भ्रांतियों को दूर करना एवं प्रत्येक प्रखंड के माइक्रोप्लान

के अनुसार साहिया के माध्यम से घर-घर खोज अभियान किया जाना है। वहीं, उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में कुष्ठ रोग कोई अभिशाप नही है बल्कि समुचित उपचार से ठीक होने वाला बीमारी है। साथ ही उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपने शरीर या किसी अन्य के शरीर पर लाल रंग का दाग दिखे तो उसकी जांच आवश्य कराये। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में इसका मुफ्त जांच, मुफ्त इलाज, मुफ्त दवाओं के साथ प्रोत्साहन राशि व अन्य सामग्रियां भी दी जाती हैं। ज्ञात हो कि इस अभियान के तहत अब तक कुल 411 संदिग्ध लोगो मे 14 लोगो के कुष्ठ से पीड़ित होने की पहचान की गई गई और वे सभी इलाजरत हैं ।

आरोप

बाबा साहब स्मारक निर्माण स्थल को लेकर विवाद

दो पक्ष आमने-सामने, मामला पहुंचा थाना व अंचल

स्थल जांच की दिए गए है आदेश, उचित कारवाई होगी : सीओ

नवीन मेल संवाददाता

बरही । करियातपुर के ग्रामीणों ने इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी के नाम आवेदन देकर भीम आर्मी के कुछ सदस्यों पर शांति सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया गया है. दिए आवेदन में बताया गया कि भीम आर्मी सेना के लक्ष्मण रविदास, राहुल कुमार, सुनील रविदास, जितेंद्र रविदास, अनिल रविदास, हेमंत रविदास और पारस शरण देव ने करियातापुर दुर्गा के बगल के मैदान में बाबा साहब का स्मारक बनाया जा रहा है. 21 जून को इन लोगो की अगुवाई में उक्त स्थल पर स्मारक के शिलान्यास किया कर सौहार्द बिगाड़ने का काम किया गया है. आरोप लगाया गया कि उक्त स्थल सरकारी जमीन है जिस पर दुर्गा पूजा एवं अन्य कार्यक्रमों में मेला इत्यादि का आयोजन किया जाता है. ऐसे में भविष्य में होने वाले भीड़ भाड़ में बाबा साहब की प्रतिमा के साथ अपमान की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है. जिससे स्थापित होने से भविष्य में दो समुदाय के बीच टकराव की संभावना हो सकती है. इसे लेकर करियातपुर वासियों में रोष है. आवेदन देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है. आवेदन में चंदन कुमार, संतोष प्रजापति आदि के हस्ताक्षर है. आवेदन की प्रति सांसद प्रतिनिधि और जिला परिषद सदस्य को भी दिया गया है. क्या कहते है मुखिया: स्थानीय मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि मामला सरकारी जमीन से संबंधित है इसकी सूचना अंचलाधिकारी को ग्रामीणों के द्वारा दी गई है. सीओ से नियम संगत कार्रवाई करने की अपील की जाती है.

क्या कहते है सीओ : मामले के संबंध में सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया कि मामला सरकारी जमीन की है. ऐसे में किसी भी संरचना के लिए अनुमति आवश्यक होते हैं. बाबा साहब का स्मारक बनाना अच्छी बात है परंतु बिना अनुमति की सरकारी जमीन का अतिक्रमण अनुचित है. जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी.

पाकरटांड़ प्रखण्ड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन

शिक्षक स्वयं को पहचान कर करें दायित्वों का निर्वहन : जोसिमा खाखा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। पाकरटांड़ प्रखंड कार्यालय में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा व विशिष्ट अतिथि प्रमुख रजत लकड़ा ने दीप जला कर किया। अपने संबोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि सरकार सभी बच्चों को शिक्षित करना चाहती है। शिक्षा से भटके बच्चों को स्कूल तक लाने में शिक्षकों की अहम भूमिका रहेगी। ताकि बच्चे शिक्षित होकर समाज के विकास में अग्रसर हो सके। जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं, अथवा विद्यालय में नामांकन नहीं कराए हैं। वैसे बच्चों को वापस स्कूल लाने और उन्हें शिक्षित करना इस रुआर कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत ड्राप आउट एकबच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना शिक्षकों के लिए एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि आप सभी शिक्षक अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निभाएं। गांव के गरीब से गरीब बच्चों को स्कूल से जोड़ें और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। इतनी सुविधा के बावजूद आज भी हमारे क्षेत्र के बच्चे काफी पिछड़े हुए हैं। इस अभिशाप को दूर करना है। यह तभी सम्भव है जब सभी शिक्षक अपने कर्तव्य को बखूबी निभाएं। सरकारी स्कूल में शिक्षा के प्रति जो नेगेटीव सोंच लोगो में घर कर गई है, उसे पॉजिटिव सोंच में बदलना है। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, बीडीओ शक्तिकुंज, बीईओ आदि उपस्थित थे।

बोलबा में स्कूल रुआर 2023 को लेकर कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

बोलबा। प्रखंड कार्यालय सभागार मे स्कूल रू आर 2023 को लेकर कार्यशाला का किया गया आयोजन ।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य अनिता सोरेंग, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, अंचल अधिकारी बलिराम माँझी ,समसेरा मुखिया सुरजन बडाईक,मालसाडा मुखिया बिनोद बडाईक ,पिडियापोश मुखिया शान्ति देवी,कादोपानी मुखिया शशिकला तिर्की एवम बेहरीनबासा पंचायत के मुखिया स्नेहलता केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया । इस मौके पर कहा गया कि प्रखण्ड क्षेत्र के अनामाकित एव छीजित बच्चो को नजदीक के विद्यालय मे नामांकन कराना सबकी जिम्मेवारी है । सभी पंचायत प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की गई । इसके साथ ही सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी। बच्चो को विद्यालय मे नामांकन कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य ,पी डि एस दुकानदार ,ए एन एम , सहिया को भी जोडने की की बात कही गई । इसके साथ प्रत्येक गाँव बस्ती में समिति का गठन कर अनामाकित एवं छिजित बच्चो को ढूढने के बाद उन्हें हर हाल में नामांकन कराने की बात कही गई । प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद दिया ।उन्होंने स्कूल रूआर 2023 कार्यक्रम के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि बीस दिन का कार्यक्रम है जो 26 जून से शुरू किया जायगा। उन्होंने बच्चो के नामांकन के साथ ठहराव भी अनिवार्य है ।इसके बाद सभी लोगों ने ईमानदारी पूर्वक काम करने का शपथ शपथ लिया गया ।शिक्षक सुरेश महतो एवं प्रफुल्ल तिर्की ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सी आर पी विश्वा सिंह ने किया।

बानो प्रखंड में स्कूल रूआर- 2023 कार्यक्रम आयोजित

बानो। प्रखंड कार्यालय बानों में रूआर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना , प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रूथ अनीता जीवन को बुके देखकर सम्मानित किया गया ।स्मिथ कुमार सोनी ने रूआर कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने जो बच्चे विद्यालय छोड़ चुके हैं उन्हें पुनः वापस लाने के लिए पुरजोर कोशिश करने का निर्देश दिया। मुख्य अतिथियों ने भी बारी -बारी से अपना विचार देते हुए शिक्षकों का पूर्णरूपेण सहयोग करने की बातें कहीं। इस कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य ने कहा कि मैं सभी जनप्रतिनिधियों मुखिया ,वार्ड सदस्य आदि को पत्र लिखकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर शिक्षकों का सहयोग करने की अपील की साथ ही साथ उन्होंने विद्यालय में स्थित समस्याओं के निराकरण के संबंध में भी बातें की। इसी कार्यक्रम के दौरान प्रयास कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत ढंग से केदारनाथ सिंह के द्वारा जानकारी साझा की गई और एफ एल एन कार्यक्रम के तहत चलने वाले कार्यक्रम के बारे में ओम प्रकाश ओहदार ने जी 20 और एफएलएन के पारस्परिक संबंध के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। इस कार्यक्रम में बीपीओ निर्मला लिंडा ने विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए निर्देश दिए ।अंत में मनोज भगत ने सभी अतिथियों एवं प्रभारी प्रधानाध्याप का धन्यवाद ज्ञापन दिया ।कार्यक्रम में शिव शंकर सिंह ,परमानंद ओहदार, प्रेम प्यारेलाल, प्रेम किशोर नायक ,मुरारी साहू ,संध्या सिंह सहित प्रखण्ड केबिभिन्न विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

परसा में मना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/बोलबा। बोलबा प्रखंड के अवगा परसा गांव में शनिवार को गोंडवाना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस का आयोजन किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का उनके पुत्र झापा जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का, केंद्रीय समिति सदस्य विरसा मांझी एवं अन्य उपस्थित रहे। सर्वप्रथम रिबन काटकर इस कार्यक्रम की शुरूआत की जिसके बाद महारानी दुर्गावती के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर उन्होंने कहा गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी दुर्गावती का नाम इतिहास में अमर है उन्हें अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए जिस प्रकार अपने राज्य को बचाया है और इस देश में अपना एक अलग पहचान छोड़ी है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है ।रानी दुर्गावती हमारे देश की वो वीरांगना है, जिन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए मुगलों से युद्ध कर वीरगति को प्राप्त हो गई. वे बहुत ही बहादुर और साहसी महिला थीं, जिन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद न केवल उनका राज्य संभाला बल्कि राज्य की रक्षा के लिए कई लड़ाईयां भी लड़ी ।हमारे देश के इतिहास की बात की जाये तो बहादुरी और वीरता में कई राजाओं के नाम सामने आते है, लेकिन इतिहास में एक शक्सियत ऐसी भी है जोकि अपने पराक्रम के लिए जानी जाती है वे हैं रानी दुर्गावती। रानी दुर्गावती अपने पति की मृत्यु के बाद गोंडवाना राज्य की उत्तराधिकारी बनीं, और उन्होंने लगभग 15 साल तक गोंडवाना में शासन किया ।इतना ही नहीं रानी दुर्गावती ने मुगल शासक अकबर के आगे कभी भी घुटने नहीं टेके थे। इस वीर महिला योद्धा ने तीन बार मुगल सेना को हराया था और अपने अंतिम समय में मुगलों के सामने घुटने टेकने के जगह इन्होंने अपनी कटार से अपनी हत्या कर ली थी।

भाजपा ने चलाया घर-घर जनसंपर्क अभियान

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा नगर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों का कार्यकाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण साल मानते हुए भाजपा कार्यकताओं ने सिमडेगा नगर क्षेत्र मे डोर टू डोर जाकर लोगों को पंपलेट बांटते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 वर्षों के कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के बारे में बताया गया। जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू ने बताया कि गरीब कल्याण के क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे में घर-घर जनसंपर्क कर विस्तार पूर्वक आम जनता को जानकारी दी गई जैसे पीएम आवास, उत्तर पूर्वी राज्यों का ऐतिहासिक विकास ,बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास ,सांस्कृतिक विरासत का नया युग, अंतोदय का मूल मंत्र , समृद्ध किसान, महिला सशक्तिकरण, निरोगी जीवन सबका अधिकार ,भारत की अमृत पीढ़ी, मध्यम वर्ग जीवन, आसान सशक्त भारत इत्यादि किए गए कार्यों को लेकर जनसंपर्क कर आम जनता को बताया गया । इस जनसंपर्क अभियान में जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू नगर अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर भाजपा नेता संजय शर्मा, सुमित सिंह ,जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क अभियान को चलाया।

मारपीट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

बोलबा। बोलबा पुलिस ने मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार करते हुए शनिवार को सिमडेगा जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अरुनिस रोशन ने बताया कि पिछले मई महीने में अलिंगुड पहारटोली गांव में गांव के ही सहदेव सिंह नामक व्यक्ति को उसके भतीजे बलराम सिंह द्वारा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इधर घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद सहदेव सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर बोला थाना में कांड संख्या 7/23 धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया गया था और इसी मामले में आरोपी बलराम सिंह को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर भाजपा ने किया श्रद्धांजलि अर्पित

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। गोंडवाना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस के मौके पर शनिवार को भाजपा सिमडेगा द्वारा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम समीप बने महारानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की मौके पर पूर्व मंत्री रही विमला प्रधान ने कहा कि गोंडवाना महारानी दुर्गावती का इतिहास पूरे विश्व में प्रसिद्ध है जिन्होंने मुगल साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ कर उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। उनकी जीवनी आने वाले पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करते रहेगी। अंतिम सांस तक सर्वधर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर अपने लोगों की रक्षा किया जो कि युवा योग तक उसका नाम अमर रहेगी मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडे जिला मंत्री शकुंतला देवी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय सिंह श्रद्धानंद बेसरा रुकमणि देवी नीरज बड़ाईक उत्तम केरकेट्टा नीरज बड़ाईक राकेश सिंह देवकीनंदन साय जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

जनता दरबार में वन पट्टा व परिसंपत्तियों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा । प्रखण्ड मुख्यालय में जनता दरबार सह परिसम्पति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए।विधायक ने कहा कि लोकतांत्रिक देश के लिए यह सबसे सुंदर पल होता है जब जनता के दरबार में लोगों की समस्याओं को सुना जाता है ।साथ ही साथ लोकतंत्र मजबूत होता है ।आज कल्याणकारी योजना को आम जनता तक पहुंचे, इसलिए आज जनता दरबार कार्यक्रम किया गया है कार्यक्रम के दौरान 14 व्यक्तियों के बीच व्यक्तिगत वन पट्टा वितरण किया गया ।साथ ही साथ परिसम्पति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में जलडेगा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी, सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे साथ ही साथ सभी विभाग का स्टॉल लगा हुआ था। विधायक ने कहा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखण्डों में हर माह जनता दरबार करेंगे। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, अर्जुन होरो, प्रखण्ड अध्यक्ष सुशील जड़िया, गैब्रियल समद, सुनील सुरीन,अमर समद,क्लेमेंट टेटे, सुरेश द्वीवेदी, फूलकेरिया डांग, प्रखण्ड प्रमुख जोसेफ लुगुन, जिला परिषद सदस्य रोजालिया शान्ता कण्डुलना, शिशिर डांग,लाझरुस समद,पंकज साहू, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित थे।

सांप काटने के बाद झाड़-फूक के चक्कर में महिला की मौत

जलडेगा। ओडगा ओपी क्षेत्र के टोनिया बुचा टोली निवासी सुकरमानी बाघेला, पति सोमा बाघेला, उम्र 45 वर्ष की मौत सांप काटने से हो गई। घटना शुक्रवार रात की है, बताया गया सांप काटने के बाद काफी देर तक झाड़-फूक की गई बाद में स्थिति बिगड़ने पर सुबह हास्पिटल ले जाने के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतिका के पति ने बताया कि रात को वो जमीन पर बिस्तर बनाकर सोए थे, इस दौरान जहरीले करैंत सांप ने उसकी पत्नी को डस लिया। इधर घटना की जानकारी के बाद जलडेगा अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देकर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए प्रेरित किया। अंचल अधिकारी ने कहा की पोस्टमार्टम के बाद प्रावधान के अनुसार पीड़ित परिवार को चार लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा। इस दौरान जलडेगा प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, बीस सूत्री अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि ने भी अस्पताल जाकर पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

स्वागत | कोलेबिरा के सेलसोया गांव में झारखंडपार्टी ने समस्याओं को लेकर की बैठक

समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता : एनोस

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा/कोलेबिरा। कोलेबिरा प्रखंड के सेलसोया गांव में शनिवार को झारखंड पार्टी की ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया जिसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता पर दूर करने का प्रयास कर रही है। आप सभी समाज में संगठित रह कर अपने हक अधिकार के लिए आगे बढ़े झारखंड पार्टी आपका सहयोग करेगी। मौके पर ग्रामीणों ने बिजली पानी सड़क प्रधानमंत्री आवास वृद्धा पेंशन राशन कार्ड एवं कई अन्य प्रकार की समस्याओं को लेकर बातें रखी जिस पर उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं को बारी-बारी से दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो सरकार चल रही है और उसके क्षेत्र में जो जनप्रतिनिधि हैं उनकी उदासीन रवैया के कारण कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे जगह है जहां पर विकास की किरणें नहीं पहुंच रही है यह दुखद है। उनका के मेरे मंत्रिमंडल कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र में कई ऐसे विकास कार्य हुए हैं परंतु वर्तमान समय में लोग अपने जनप्रतिनिधि को चुनकर ठगा महसूस कर रहे हैं इसलिए आप आगामी चुनाव में संदेश एक्का का सहयोग करते हुए झारखंड पार्टी को मजबूत करें क्षेत्र का सभी समस्याओं को दूर की जाएगी। मौके पर सुनील जोजो, मनकुश कण्डुलना, सीरिल डांग अंजार डुंगडुंग, फिलिप डांग सेवन संमद विलियम जोजो अजीत संमद एवं झारखंड पार्टी की ओर से अमन खेस,रसाल खलखो ,अंकित सुरीन नुवेल हैरेंज चिराग बाड़ा जोसेफ डुंगडुंग उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी अब गैस चूल्हे पर पोषाहार बनेगा, धुएं से मिलेगी निजातः जोसिमा खाखा

सिमडेगा। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने प्रखंड की 150 आंगनबाड़ी सेविकाओं को निशुल्क में गैस चूल्हा और सिलेंडर दिया। उन्होंने कहा कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर गैस चूल्हे पर पोषाहार बनेगा। इससे सेविका व सहायिका को धुएं से निजात मिलेगी। उन्होंने सेविकाओं को गैस चूल्हे के उपयोग के समय बरती जाने वाली सावधानी के बारे में भी बताया। जोसिमा ने कहा कि लकड़ी जलाकर पोषाहार बनाने के समय निकलने वाले धुएं से पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। इससे निजात के लिए गैस चूल्हा का उपयोग जरुरी है। उन्होंने कहा कि शेष आंगनबाड़ी केंद्रों में भी जल्द गैस चूल्हा व सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। उन्होंने सेविकाओं को भी कई निर्देश दिए। साथ ही मेन्यू के अनुसार ही भोजन बनाने की बात कही। जोसिमा ने कहा कि सेविकाएँ अपने बच्चो की तरह आँगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बच्चों की देखभाल करें। उन्होंने पोषणयुक्त भोजन खिलाएं। बच्चों को ककहरा की ज्ञान दें। केंद्र में साफ सफाई पर ध्यान दें। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, बीडीओ शक्तिकुंज, पंसस प्रतिमा कुजूर, सीडीपीओ आदि उपस्थित थे।

किसानों को 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर धान के उन्नत बीज उपलब्ध

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। कृषि, पशुपालन व सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार एवं बिरसा बीज उत्पादन विनियम, वितरण व फसल विस्तार योजना के तहत भोजपुर पैक्स में उपलब्ध कराया गया धान का बीज किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर धान का उन्नत बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान सरकार की इस योजना का लाभ उठाकर खेती करें। उन्होंने कहा कि समय पर धान का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। पैक्स अध्यक्ष सुदेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि किसानों को हाइब्रिड धान 50 प्रतिशत अनुदान पर आवश्यकतानुसार दिया जा रहा है। पैक्स से धान बीज लेने के लिये आधार कार्ड और जमीन के रसीद का छाया प्रति लाना जरूरी है। मौके पर एसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, उप मुखिया मनीष यादव, पैक्स सचिव शिव प्रसाद यादव, समाजसेवी नागेन्द्र पासवान, जय कुमार यादव, रामकेश यादव, बालेश्वर यादव, राज कुमार यादव, मनोहर यादव, हरि राम, सूरज सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

पुलिस सेवा लक्ष्य के तहत हैंडबॉल का वितरण

डंडा (गढ़वा)। झारखंड पुलिस सेवा ही लक्ष्य के तहत शनिवार को एएसआई शैलेंद्र सिंह के द्वारा डंडा प्रखंड के कोरटा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच हैंडबॉल बॉल स्किपिंग रोप, टॉफी इत्यादि का वितरण किया गया। एसआई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले मेरा डंडा थाना में पोस्टिंग हुआ है। इससे पहले मैं मेराल थाना में मुंशी के पद पर कार्यरत था। विभागीय कार्य के बाद जो मेरे पास टाइम मिल पाता है हमने झारखंड पुलिस सेवा ही लक्ष्य के तहत जहां भी जाता हूं बच्चों के बीच पठन-पाठन का सामग्री सहयोग के रूप में वितरण करता हूं। साथ ही बच्चों को व्यायाम योगा कराता हूं। क्लास के माध्यम से बच्चों को ध्यान से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करने का प्रयास करता हूं। यह एक छोटा सा प्रयास लगातार जारी रहेगा।

मुखिया ने उपविकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

केतार (गढ़वा)। जिले के केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने उपविकास आयुक्त राजेश कुमार राय को ज्ञापन सौंपकर पंचायत के विभिन्न समस्याओं को लेकर अवगत कराया। आवेदन में उल्लेख किया है कि केतार बाजार में जलजमाव होने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आवागमन बाधित हो रहा है। राहगीरों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इसको लेकर कपूरी गेट से राजकीय मध्य विद्यालय एवं रामबिलास विश्वकर्मा के घर से पण्डा नदी तक नाला निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही पंचायत में पेयजल के लिए चापाकल का अधिष्ठापन, नावाडीह में पण्डा नदी किनारे गार्डवाल का निर्माण, केतार बाजार एवं कपूरी गेट के समीप हाई मास्क लाइट की अधिष्ठापन, पण्डा नदी में जल स्तर को बनाये रखने के लिए बियर स्किम का निर्माण, पंचायत सचिवालय के समीप निर्मित गोदाम का जीर्णोद्धार,सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की पदस्थापना, पंचायत सचिव की पदस्थापना, किसानों के द्वारा 2018 -19-20 का फसल बीमा का भुगतान, पशुपालकों को पशु निर्माण हेतु पशु शेड स्वीकृति दिलाने की मांग की है।

झामुमो के अनुमंडल अध्यक्ष बने हरेंद्र

मेराल (गढ़वा)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के गढ़वा जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान के द्वारा मेराल प्रखंड के हासनदाग निवासी मुखिया पति हरेंद्र चौधरी को गढ़वा जिला अनुमंडल अध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी सौंपी गयी है। हरेंद्र चौधरी को पार्टी के अनुमंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर झामुमो के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ उनके पंचायत के लोगों ने बधाई दिया है। बधाई देने वालों में मुबारक अंसारी, अनिल चौधरी, रंजीत कुमार चौबे, द्वारिका चौधरी, राजेंद्र चौधरी, कोमल चौधरी, प्रणय चौबे, गुलबास अंसारी, कमल किशोर चौबे, रमेश चंद्रवंशी, शिवदत्त चौधरी, मानिकचंद चौधरी, संजय विश्वकर्मा, गुपू चौधरी, मुकेश कुमार ठाकुर, अर्जुन रजक, लालमनी साव, कौशर अंसारी, मानदेव बैठा, उषा कुमारी, डोली देवी, तेतरी देवी इत्यादि का नाम शामिल है। इधर हरेंद्र चौधरी ने कहा कि पार्टी के द्वारा हम जैसे छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास करते हुए बड़ी जिम्मेवारी सौंपी गई है। उस पर खरा उतरते हुए निष्ठा के साथ पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। साथ ही सभी तबके के लोगों को पार्टी में जोड़ा जाएगा। उन्होंने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मंत्री पहुंचे जनता के द्वार, गांव गांव पहुंचकर सुनी जन समस्या

क्षेत्र में कोई भी कार्य नहीं रहेगा अधूरा : मंत्री मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जनता के द्वार पर पहुंचे। मंत्री ने शनिवार को मेराल प्रखंड के चेचरिया पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही जन समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी कराया। ग्रामीणों ने राजस्व कर्मचारी रमेश पांडेय के विरुद्ध जमकर शिकायत की। मंत्री ने अविलंब कर्मचारी को हटाने का निर्देश दिया।

मंत्री श्री ठाकुर मेराल प्रखंड के अंतर्गत चेचरिया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बाजूडीह, ग्राम बोकेया में लगन ठाकुर के घर के समीप, उमवि खोलरा, शिव मंदिर परिसर, अटौला, पंचायत भवन चेचरिया तथा ग्राम छपरवार खुर्द में दुर्गा मंडप के समीप कार्यक्रम आयोजित कर जनता से रूबरू हुए। मंत्री ने जनसमस्याओं को सुना एवं ऑन द स्पॉट निष्पादन भी कराया। इस दौरान लोगों ने सड़क, पेयजल की समस्या सुनाई। मंत्री श्री ठाकुर ने तत्काल खराब पड़े चापाकल व जल मीनार दुरुस्त कराते हुए चार दिनों के अंदर जलापूर्ति प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने कई स्थानों पर छठ घाट, चबूतरा, नाली, अनाथ पेंशन, प्रजापति टोला पर मिट्टी-मोरम पथ निर्माण, राप्रावि बाजुडीह में शौचालय, मंदिर के समीप नाली निर्माण, प्रावि बोकेया में पेयजल की समस्या आदि से ग्रामीणों ने मंत्री को रु-ब-रू कराया। चेचरिया में अर्चना देवी ने अपने पति के हत्यारों के खिलाफ ढाई साल बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कराते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को तत्काल इन सभी समस्याओं के निदान का निर्देश दिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब क्षेत्र में कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा। मैंने जो वादा किया था उसे एक-एक कर पूरा कर रहा हूं। क्षेत्र में बड़ी से लेकर छोटी सभी विकास कार्यों को किया जा रहा है। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति राशन, पेंशन से वंचित नहीं रहेगा। मंत्री ने कहा कि हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की योजना पर तेजी से कार्य हो रहा है। बहुत जल्द सभी घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। फिलहाल पेयजल की जो समस्या है उसे अविलंब दूर किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि यदि दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छाशक्ति हो तो कोई भी समस्या बड़ी नहीं है। सभी गांव की हर समस्या का निदान होगा। आज तक गढ़वा के लोग अपनी मूलभूत समस्याओं के निदान के लिए तरस रहे थे। मैंने गढ़वा की एक-एक समस्या को करीब से देखा है। मैं जनता के घर तक जाकर उनकी समस्याओं का निदान कर रहा हूं। आने वाले समय में किसी भी गांव में कोई समस्या न रहे, इसके लिए वे पूरी ईमानदारी के साथ प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि अब तक पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर उन्हें उछलने का काम किया है। परंतु अब जनप्रतिनिधि एवं विकास कार्य का मीनिंग बदल चुका है। हर कार्य सही मायने में शत प्रतिशत धरातल पर उतारा जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे जन भावनाओं के साथ खेलने का नहीं बल्कि जन समस्याओं को दूर करने का कार्य करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, जेई सिकंदर कुमार, बीडीओ रामप्रवेश साव, सीओ निकिता बाला, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, हरीलाल चौधरी, संतोष चौधरी, शंभू चौधरी, रविंद्र चौधरी, देव कलिया देवी, मंजू देवी, प्रभा देवी, गीता देवी, मीना देवी, गंगा राम, राजेश्वर चौधरी, अमित कुमार ठाकुर, मुनेश्वर ठाकुर, अशोक विश्वकर्मा, धर्मेंद्र पाल, ऋषि पाल, अयोध्या पाल धनवंत पाल, सत्यदेव सिंह, लाल बिहारी प्रजापति, अशोक प्रजापति, मोहन राम, मंगर राम, दिलीप सिंह, गुना प्रजापति सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

संक्षिप्त

भालू ने वृद्ध को किया घायल

भंडरिया (गढ़वा)। भंडरिया थाना क्षेत्र के हेसातु गांव में शनिवार को लगभग 11 बजे दिन में एक जंगली भालू ने हेसातु गांव के ही चमरु कोरवा पिता स्व. लहरु कोरवा उम्र 59वर्ष को हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल चमरु कोरवा को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भंडरिया लाया गया। जहां चिकित्सा कर्मियों के द्वारा प्राथमिक उपचार के घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है। घायल चमरु कोरवा के सिर का पिछले हिस्से का आधा भाग को भालू ने नोच कर जख्मी कर दिया है। जिससे घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। केतार पैक्स अध्यक्ष चुनाव में दो प्रत्याशियों ने नाम वापस केतार (गढ़वा)। श्री बंशीधर नगर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह केतार निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता के शनिवार को बताया कि केतार पैक्स प्रबन्धन समिति गठन हेतु अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार मिथलेश कुमार गुप्ता और रवि कुमार रवि चुनाव मैदान में रह गए है। जबकि अमर नाथ जयसवाल और नीतीश कुमार ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। केतार पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए दोनों उम्मीदवार का चुनाव चिन्ह आवंटन कर दिया गया है। जिसमे मिथलेश कुमार गुप्ता को छतरी छाप तथा रवि कुमार रवि को उगता हुआ सूर्य छाप मिला है। चुनाव चिन्ह मिलते ही दोनों उम्मीदवार चुनाव प्रचार में लग गए है। आगामी चार जुलाई को केतार पैक्स चुनाव का मतदान कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना कर प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। केतार पैक्स अध्यक्ष के चुनाव चिन्ह मिलते ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

गाली गलौज, धमकी व जाति सूचक शब्द का लगाया आरोप

